संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 10 जनवरी 2024 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 10 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश में स्कूलों-कॉलेजों की छुट्टी, शराब की दुकानें भी रहेंगी बंद

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए सरकार ने 22 जनवरी को स्कूल कॉलेजों की छुट्टी घोषित की है। इस दिन शराब की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। बताते चलें कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम निर्धारित है। दुनिया भर के दिग्गज इस दिन राम की नगरी में मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर को आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 जनवरी को राज्य भर के सभी शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी घोषित करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने यह भी कहा है कि इस दिन राज्य में शराब की दुकानें बंद रहेंगी।

### राष्ट्रपति भवन में 13 से 27 जनवरी के बीच नहीं होगा चेंज ऑफ गार्ड समारोह

**नई दिल्ली:** राजधानी में गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह की रिहर्सल के कारण राष्ट्रपति भवन में रस्मी गार्डों की अदला-बदली (चेंज ऑफ गार्ड) समारोह 13 से 27 जनवरी के बीच नहीं होगा। यह जानकारी राष्ट्रपति भवन ने आज यहां दी। यह समारोह एक सैन्य परंपरा है, जिसमें राष्ट्रपति भवन के गार्ड समय-समय पर बदले जाते हैं।

### हफ्ते में दो बार ही परिवार और वकील से मिल सकेंगे दिल्ली के कैदी

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने विचाराधीन कैदियों के मुलाकात के नियमों पर दिल्ली हाई कोर्ट के एक आदेश को बरकरार रखा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि विचाराधीन कैदियों और कैदियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए जेल में कैदियों के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, दोस्तों और कानूनी सलाहकारों द्वारा सप्ताह में दो बार मिलने की संख्या को सीमित करने का फैसला लिया गया है।

# भारत-यूएई में हुई द्विपक्षीय वार्ता

= यूएई प्रेसिडेंट को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे पीएम मोदी, 3 किमी लंबा रोड शो किया

**रोड शो**

8 करीब 20 मिनट तक साबरमती आश्रम में रुकने के बाद शाम 7 बजे दोनों के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई

**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मंगलवार शाम को अहमदाबाद में रोड शो किया। बुधवार को पीएम मोदी गांधीनगर में 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' का उद्घाटन करेंगे। गांधीनगर में कार्यक्रम के पहले दिन पीएम मोदी ने ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस-रामोस होर्ता और मोजांबिक प्रेसिडेंट फिलिप जैसिंटो न्यूसी से चर्चा की। कल यानी कि 10 से 12 जनवरी तक 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' का आयोजन होगा। पीएम मोदी सोमवार की रात करीब 8 बजे अहमदाबाद पहुंच गए थे।

**10 जनवरी का कार्यक्रमः** पीएम बुधवार को सुबह 10 बजे महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 10वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर वे दुनियाभर से गुजरात पहुंचे कारोबारियों, निवेशकों को संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ 4 राष्ट्राध्यक्षों के साथ 32 सहभागी देशों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

इसके बाद शाम 5 बजे गांधीनगर में तैयार हो रही गिफ्ट सिटी में ग्लोबल फिनटेक सीईओ कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे और करीब रात आठ बजे प्रधानमंत्री अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। मोजाम्बिक के प्रेसिडेंट फिलिप न्यूसी मंगलवार सुबह 9 बजे अहमदाबाद पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर सीएम भूपेंद्र पटेल ने उनका स्वागत किया। मोजाम्बिक के प्रेसिडेंट फिलिप न्यूसी मंगलवार सुबह 9 बजे अहमदाबाद पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर सीएम भूपेंद्र पटेल ने उनका स्वागत किया।

**इन देशों से पहुंचेंगे दिग्गज कारोबारीः** गुजरात सरकार से मिली जानकारी के मुताबिक, भारत के कारोबारियों के अलावा ब्रिटेन, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, चेक रिपब्लिक, मिस्त्र, एस्टोनिया, फिनलैंड, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, केन्या, नीदरलैंड, मलेशिया, माल्टा, मोरक्को, नेपाल, नॉर्वे, पोलैंड, वियतनाम, साउथ कोरिया, रवांडा, सिंगापुर, थाईलैंड, उरुग्वे, घाना, तंजानिया और मोजाम्बिक से दिग्गज कारोबारी समिट में शामिल होने आ रहे हैं।

### 'सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए कार्यबल बढ़ाने पर जोर'

माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात पर कहा, 'हमेशा की तरह, प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक उत्कृष्ट बैठक हुई। हमने पीएम मोदी को साणंद परियोजना की प्रगति और सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए कार्यबल बढ़ाने पर माइक्रोन के फोकस के बारे में जानकारी दी। हमने यहां सामाजिक समुदाय के साथ माइक्रोन के जुड़ाव के बारे में भी बात की, जैसे अटल टिंकरिंग लैब जो माइक्रोन ने साणंद में शुरू की है। हम वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के समर्थन, सेमीकंडक्टर विनिर्माण की प्रगति के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर सरकार के समर्थन की सराहना करते हैं।'




### भारत में अपने निवेश के बारे में चर्चा कीः डीपी वर्ल्ड के सीईओ

2001 में मुख्यमंत्री बनने के करीब दो साल बाद उन्होंने गांधीनगर में पहली वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की शुरूआत की थी। इस तरह अब पहली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के 20 साल पूरे हो गए हैं। हाल ही में पीएम मोदी ने एक बयान में कहा था कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के ये दो दशक कई मायनों में देश के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। गुजरात से शुरू हुए इस कार्यक्रम ने यह दिखाया है कि उच्च विचार महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए सबसे पहला कदम होते हैं। डीपी वर्ल्ड के सीईओ सुल्तान अहमद बिन सुलेयम ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात पर कहा, 'यह एक उत्कृष्ट बैठक थी। हमने भारत में अपने निवेश के बारे में चर्चा की, हम इसका विस्तार कर रहे हैं। हम भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विनिर्माण में निवेश करेंगे। भारत के पास बेहतर सुविधाएं, बेहतर इंजीनियर और वैश्विक पहुंच है। एक बाजार और एक व्यापार भागीदार के रूप में भारत की प्रतिष्ठा का सम्मान किया जाता है। हम भारत के प्रति बहुत प्रतिबद्ध हैं।

### ऑटो सेक्टर पर रहेंगी निगाहें

**इस** वाइब्रेंट समिट में सभी की नजरें गुजरात के ऑटो सेक्टर पर लगी हैं। समिट में टेस्ला के भी गुजरात आगमन का ऐलान हो सकता है। इसके साथ ही मारुति और देश की अन्य ईवी व्हीकल बनाने वाली कंपनियों की तरफ से बड़ी घोषणा की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा सेमीकंडक्टर की कंपनियां भी बड़े ऐलान कर सकती हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए साल 2003 में पहली 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' का शुभारंभ किया था।



## ईडी टीमों पर हमले को लेकर गृह मंत्रालय ने अपनाया सख्त रुख

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**


पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी और कार्रवाई के दौरान इसके अधिकारियों पर हमले को लेकर सियासत जारी है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों पर हुए हमलों पर पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। गृहमंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पश्चिम बंगाल सरकार से उन परिस्थितियों पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने को कहा है, जिनके कारण हमले हुए उसमें ईडी अधिकारी घायल हो गए। इतना ही नहीं, गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से केंद्रीय जांच एजेंसी टीमों पर हमलों के बाद की गई कार्रवाई का विवरण भेजने को भी कहा है। दरअसल, बीती पांच जनवरी को ईडी पश्चिम बंगाल के राशन घोटाले में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी। पीडीएस घोटाले के मामले में जब एजेंसी उत्तर 24 परगना में टीएमसी संयोजक शाहजहां शेख के तीन परिसरों पर तलाशी ले रही थी। तलाशी के दौरान एक परिसर में सीआरपीएफ कर्मियों के साथ ईडी टीम पर 800-1000 लोगों ने हमला किया। शाहजहां को ज्योति प्रिय मलिक का करीबी माना जाता है। ईडी ने एक बयान में कहा कि हमलावर लाठी, पत्थर और ईंट से लैस थे। इस घटना में ईडी के तीन अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ईडी अधिकारियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हिंसक भीड़ ने ईडी अधिकारियों के निजी और आधिकारिक सामान जैसे उनके मोबाइल फोन, लैपटॉप, नकदी, वॉलेट आदि भी छीन लिए।

**रिपोर्ट तलब**

8 एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने को कहा है, जिनके कारण हमले हुए उसमें ईडी अधिकारी घायल हो गए

## लक्षद्वीप में नया एयरपोर्ट बनाने की तैयारी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मालदीव** के साथ जारी विवाद के बीच एक अहम खबर सामने आई है। दरअसल भारत सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप पर नया एयरपोर्ट बनाने की योजना बना रही है। इस एयरपोर्ट के बनने से लक्षद्वीप में पर्यटन बढ़ने की उम्मीद है। खास बात ये है कि नया एयरपोर्ट नागरिक उद्देश्य के साथ ही सैन्य उद्देश्य के लिए भी होगा और यहां से नागरिक विमानों के साथ ही सैन्य विमान भी संचालित हो सकेंगे।

**नागरिक के साथ ही सैन्य विमानों का भी होगा संचालनः**

सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि नए एयरपोर्ट पर नागरिक विमानों के साथ ही सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान और फाइटर जेट्स भी संचालित हो सकेंगे और यह एक संयुक्त एयरफील्ड होगा। सरकार ने पहले भी मिनिकॉय द्वीप पर नया एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन अब इस प्रस्ताव में बदलाव कर इसे संयुक्त एयरफील्ड के रूप में विकसित करने की तैयारी है। सैन्य दृष्टि से नए एयरपोर्ट के बनने से भारत को अरब सागर और हिंद महासागर में निगरानी करने में रणनीतिक रूप से काफी मदद मिलेगी। भारतीय तटरक्षक बल ने पहले सरकार को मिनिकॉय द्वीप पर हवाई पट्टी बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन अब ताजा प्रस्ताव में वायुसेना को यहां प्रमुख तौर पर संचालन दिया जाएगा।

### सशस्त्र बलों के लिए बनाई 7.62*51 मिमी. की असॉल्ट राइफल 'उग्रम'

**नई दिल्लीः** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों के लिए 7.62x51 मिमी. कैलिबर की स्वदेशी असॉल्ट राइफल उग्रम लॉन्च कर दी है, जिसकी प्रभावी रेंज 500 मीटर और इसका वजन चार किलोग्राम से कम है। इसे स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है।

इन असॉल्ट राइफल को सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस इकाइयों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

## 'राष्ट्र की सेवा के लिए जुनून होना चाहिए'

**मानक**

8 सशस्त्र बल ही एक ही वह एकमात्र क्षेत्र नहीं हैं, जिसके द्वारा आप राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं : आर्मी चीफ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**थल सेना** प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड शिविर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परेड ग्राउंड में कैडेट्स के साथ बातचीत की हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल ही एक ही वह एकमात्र क्षेत्र नहीं हैं, जिसके द्वारा आप राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। अपने देश के प्रति अपने प्यार को अपने प्रकाश स्तंभ के रूप में रखना याद रखें। अच्छे नागरिकों के रूप में हम सभी में अटूट प्रतिबद्धता, समर्पण की भावना होनी चाहिए। एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उस भूमि के प्रति अटूट जुनून होना चाहिए, जिसमें हमें पाला पोसा हैं। हमेशा देश का सम्मान करें और उन मूल्यों को बनाए रखें, जो हमें भारतीय होने पर गर्व करवाता हो।

## देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना हैः सीएम भजन



**टीम एक्शन इंडिया/उदयपुर**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार मंगलवार को उदयपुर पहुंचे। यहां उन्होंने नाई गांव पहुंचकर वहां चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अवलोकन किया। वहां खेल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से संकल्प कराया। जनता ने हाथ आगे कर देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सिर्फ नारे नहीं हैं, बल्कि योजनाओं का लाभ मिलने की गारंटी है।

## महाराष्ट्र सरकार के विधायकों की अयोग्यता पर फैसला आज

शिंदे अयोग्य हुए तो मुख्यमंत्री पद जाएगा; फडणवीस बोले- हमारी ही सरकार रहेगी



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समूह के 16 विधायकों अयोग्यता पर, 10 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर फैसला करेंगे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, शिवसेना के दोनों गुटों के विधायकों की सुनवाई पूरी कर ली है और फैसले की तैयारी कर ली है। इसे रिव्यू के लिए कानून के एक्सपर्ट्स के पास भेजा गया है। इससे पहले महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आज मंगलवार (9 जनवरी) को कहा है कि स्पीकर का चाहे जो भी फैसला हो, हमारी सरकार स्थिर रहेगी। हमारा अलायंस कानूनी रूप से वैध है और हमें उम्मीद है कि स्पीकर का फैसला भी हमारे पक्ष में ही आएगा। उधर, स्पीकर नार्वेकर ने अपने फैसले सुनाने की डेडलाइन से पहले महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे से दो बार मुलाकात की है।

**फैसले पर नजर**

8 जज ने आरोपियों से दो बार मुलाकात की, इससे जनता समझ चुकी है कि आज फैसला क्या होगा : उद्धव

## लोकसभा चुनाव से पहले मंदिर उद्घाटन बीजेपी की चालः ममता



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन करके भाजपा वोट जुटाने की चाल चल रही है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसे उत्सवों का समर्थन नहीं करती हूं जो दूसरे समुदाय को शामिल न करें। साउथ 24 परगना में एक कार्यक्रम में ममता ने कहा कि मैं ऐसे त्योहार में भरोसा करती हूं जो सबको साथ लाए, सबकी बात करे। आपको जो करना हैं करो, आपको लोकसभा चुनाव के पहले ऐसी तिकड़म लगानी है, लगाओ, मुझे कोई परेशानी नहीं है। लेकिन दूसरे समुदाय के लोगों को दरकिनार करना सही नहीं है। जब तक मैं जिंदा हूं, हिंदू और मुस्लिमों के बीच भेदभाव नहीं होने दूंगी।

**गंभीर मामला** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में नौकरी छोड़ने (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) के मामले बढ़ रहे हैं

## सीएपीएफः 46960 कर्मियों ने नौकरी छोड़ी, तो 1532 से अधिक ने की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय अ**र्धसैनिक बलों में नौकरी छोड़ने (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) के मामले बढ़ रहे हैं। बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ और असम राइफल्स में पिछले पांच वर्ष के दौरान 46960 जवानों/अधिकारियों ने नौकरी छोड़ दी है। बीएसएफ में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मियों की संख्या 21860 है, जबकि सीआरपीएफ में यह आंकड़ा 12893 है। गत पांच वर्ष में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 654 से अधिक जवानों ने आत्महत्या कर ली है। साल 2011 से लेकर पिछले वर्ष तक 1532 खुदकुशी के मामले सामने आए हैं। कन्फेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियरस वेलफेयर एसोसिएशन ने उक्त मामलों में श्वेतपत्र जारी करने की मांग की है। इसके साथ ही एसोसिएशन ने उन कारणों का भी उल्लेख किया है, जिसके चलते किसी जवान को उक्त कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ता है।



**श्वेत पत्र की मांग**

8 सीएसएफ में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मियों की संख्या 21860 है : रिपोर्ट

**आत्महत्याओं का दिल दहलाने वाला सिलसिला जारीः** कन्फेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियरस वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह का कहना है कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों में आत्महत्याओं का दिल दहलाने वाला सिलसिला जारी है। पिछले 13 वर्षों में जितने जवान शहीद हुए हैं, उनसे कहीं ज्यादा नफरी आत्मघाती कदम उठा कर जीवन लीला समाप्त करने वाले जवानों की है। अभी हाल ही में 155 बटालियन बीएसएफ के हवलदार मांगी लाल ने अफसरशाही से तंग आकर जीवन लीला समाप्त कर ली। उस मामले की जांच चल रही है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मणिपुर में अभी मंजूरी नहीं



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**कांग्रेस के** राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मणिपुर से शुरू होने को लेकर अभी अनिश्चितता बनी हुई है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने आज राहुल गांधी की "भारत जोड़ो न्याय यात्रा" पर बात करते हुए कहा कि राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर है। ऐसे में राहुल गांधी की यात्रा कितनी सुरक्षित होगी, इसको लेकर निश्चित नहीं हो पायी है। मुख्यमंत्री ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी की रैली को अनुमति देने के फैसले पर सक्रिय विचार चल रहा है। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट की समीक्षा की जा रही है। इन रिपोर्टों की समीक्षा के बाद ही इसपर निर्णय लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की योजना बनाई है, जो 14 जनवरी को इंफाल से शुरू होगी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। हालांकि, राज्य सरकार ने अभी तक इस छह हजार पांच सौ किलोमीटर की यात्रा को शुरू करने की अनुमति नहीं दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने मुख्य सचिव से मुलाकात की और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शांति को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

GOVT. OF PUNJAB

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# बिजली के क्षेत्र में
# बढ़ते कदम



**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

- **90 प्रतिशत से अधिक लोगों** का आया **ज़ीरो बिजली बिल**
- पंजाब में **100 प्रतिशत ट्यूबवेलों** को **मुफ़्त बिजली**
- **किसानों को सिंचाई हेतु निरंतर बिजली आपूर्ति**
- **निजी थर्मल पावर प्लांट ख़रीदकर रचा इतिहास, ₹350 करोड़** की होगी **वार्षिक बचत**
- **उद्योगों** की **बिजली समस्याओं** का पहल के आधार पर **निपटारा**
  **हेल्पलाइन व्हाट्सएप नंबर 9646119141** एवं **ईमेल industrial-cell@pspcl.in**
- **पी.एस.पी.सी.एल** को 1 अप्रैल 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक **₹564.75 करोड़ का लाभ**







## नेक नीयत
## ईमानदार सरकार

बिजली विभाग, पंजाब

# विज ने गांव खतौली में लाखों रूपए की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाईटों का किया उद्घाटन

## स्विच ऑन करते ही पूरा गांव स्ट्रीट लाईटों हुआ जगमग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने गांव खतौली में 15.83 लाख रूपए की लागत से 75 स्ट्रीट लाईटों की सौगात देने का काम किया। उन्होंने जैसे ही लाईटों का स्विच ऑन किया पूरा गांव इन लाईटों से जगमग हो गया। लाईटों की सौगात मिलने पर ग्रामवासियों ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का आभार व्यक्त किया, इससे पहले यहां पहुंचने पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का ग्रामीणों ने पुष्प माला पहनाकर व फुलों की वर्षा कर उनका अभिन्नदन भी किया। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर ग्रामीणों को इन लाईटों की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि पूरे गांव में इन




स्ट्रीट लाईटों के लगने से गांव की सुन्दरता और बढ़ेगी, लाखों रूपए की लागत से इन लाइटों को लगाने का काम किया गया हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन लाईटों के लगने से रात के समय में लोगों के आवागमन में सुगमता होगी। उन्होनें कहा कि पहले भी गांवों में जो भी विकास कार्य उनके संज्ञान में लाए गए है उन्हें करवाने का काम किया गया हैं। इस मौके पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने यह भी कहा कि गांव खतौली के साथ-साथ गांव जनैतपुर व टुंडली में स्ट्रीट लाईटों की सौगात जल्द ही ग्रामवासियों को मिलेगी। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि मंगलवार को गांव जनैतपुर में भी लाखों रूपए की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाईटों को सौगात दी जाएगी। उन्होनें कहा कि शहरों की भांति गांवों में भी सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा हैं।

**सुविधाएं**

8 मंगलवार को गांव जनैतपुर में भी लाखों रूपए की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाईटों को सौगात दी जाएगी। उन्होनें कहा कि शहरों की भांति गांवों में भी सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम किया

इस मौके पर मंडल प्रधान किरण पाल चौहान, रामबाबू यादव, डॉ ऋषिपाल टुंडली, सुरमुख सिंह जनैतपुर, चरणजीत सिंह ग्राम पंचायत खतौली, लाभ सिंह बूथ प्रधान खतौली, सुभाष, रमन कुमार, दीपक ऑब्राय, संजय भसीन, रिंकू कुमार, रोशन बरनाला के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग व ग्रामवासी मौजूद रहें।

# बराड़ा के उपमंडल अधिकारी बिजेन्द्र सिंह ने ली बैठक

**जिम्मेवारियां**

8 गणतंत्र दिवस समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए उन्हें अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला-बराड़ा (मनीष कुमार)**

बराड़ा के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बिजेन्द्र सिंह ने अपने कार्यालय में उपमंडल स्तर के सभी विभागों के अधिकारी की बैठक लेते हुए 26 जनवरी को उपमंडल स्तर पर मनाये जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए उन्हें अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन के दृष्टिगत जो आवश्यक प्रबन्ध किये जाने हैं, उन्हें समय रहते पूरा करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अनाज मंडी बराड़ा में गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बराड़ा में गणतन्त्र दिवस समारोह को मनाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां अभी से ही शुरू कर दे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अभी से ही बराड़ा की अनाज मंडी में सफाई व्यवस्था व अन्य प्रकार की पहले से ही शुरू की जाने वाली तैयारियों का जायजा लेकर काम शुरू कर दे।

उन्होंने बताया कि बराड़ा के तहसीलदार गणतन्त्र दिवस समारोह के ओवर आल इंचार्ज होंगे। उन्होंने सचिव मार्कीट कमेटी बराड़ा के निर्देश दिए कि वे अभी से ही अनाज मन्डी में सफाई का कार्य शुरू करवा दें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से आये अधिकारी को निर्देश दिये कि वे 24 जनवरी को फाईनल रिहर्सल व 26 जनवरी को समारोह स्थल पर डाक्टरों की टीम व एंबुलैस की व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यक दवाईयां भी रखना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को इन दोनों तिथियों पर पानी की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। एसडीएम ने कहा कि समारोह के दृष्टिगत 19 जनवरी को पहली रिहर्सल होगी, 22 जनवरी को दूसरी रिहर्सल तथा फाईनल रिहर्सल 24 जनवरी को नई अनाज मंडी में करवाई जायेगी।

# आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर की गेट मीटिंग



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

नगर पालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों ने सागर ईकाई प्रधान की अध्यक्षता में गेट मीटिंग की व संचालन सुनील कुमार ईकाई सचिव ने किया।आज की मीटिंग को जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ओमप्रकाश व राज्य उप प्रधान नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सुभाष गुस्सर ने संयुक्त रूप से बताया कि रेगुलराइजेशन की नीति बनवाने, पुरानी पेंशन बहाल करवाने, कौशल रोजगार निगम को समाप्त करवाने, लाखों खाली पड़े पदों को पक्की भर्ती द्वारा भरे जाने, सभी विभागों में सभी वर्गों की वेतन विसंगतियां दूर करवाने, आरक्षित श्रेणियों का बैकलॉक पूरा करवाने, हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करवानें, सरकारी विभागों के निजीकरण को बंद करवाने के साथ साथ पटवारियों के आंदोलन, नगरपालिका कर्मचारी संघ के आंदोलन, मकैनिकल वर्कर यूनियन रजि नं 41 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आंदोलन, ग्रामीण सफाई कर्मचारीयों के आंदोलन के साथ साथ प्री योजनाओं में लगे आशा वर्कर, मिड-डे-मील व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पक्का करने जैसी मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 4 फरवरी 2024 को नई अनाज मंडी के सामने रोहतक में बड़ी आक्रोश रैली करेगा। रैली की तैयारियों के दौरान कर्मचारी नेता कर्मचारियों के साथ साथ आम जन तक सरकार की जनविरोधी नीतियों को जैसे सरकारी विभागों का निजीकरण कर सरकारी नौकरी खत्म कर रही है।

**चिंतन**

8 सर्व कर्मचारी संघ 4 फरवरी 2024 को नई अनाज मंडी के सामने रोहतक में बड़ी आक्रोश रैली करेगा

# चोरियों की घटना से आम आदमी चिंतित, जैन ने लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**शहर में** चोरियों की बढ़ती वारदातों से आम आदमी चिंतित एवं परेशान हैं, पिछले दो दिनों से हो रही चोरियों की घटना बारे जानकारी लेने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन पीड़ितों के पास पहुंचे और वारदातों को जल्द सुलझाने के साथ-साथ पुलिस गशत बढ़वाने का भी आश्वासन दिया।

राजीव जैन को शांति विहार निवासी मंजीत दहिया ने बताया कि वह मकान का निर्माण कर रहे हैं और बिजली की फिटिंग के लिए बिजली की तारें मंगवाई थी जो सोमवार की रात चोर उठाकर ले गए जिसकी कीमत 2 लाख रुपए के लगभग है। चोर सी०सी०टी०वी० कैमरे में तारों के बंडल ले जाते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। कबीरपुर रोड पर सिथत कबाड़ी की दुकान चला रहे राजेंद्र नगर वासी बीरु सिंह ने बताया कि पिछले 15 दिनों में दो बार चोरी हो चुकी है, दोनों बार दुकान के पीछे का दरवाजा तोडा गया है, उन्होंने बताया कि एक बार तो थाना सिविल लाइन पुलिस के कर्मचारी कुछ सामान देकर गए थे परन्तु चोर नहीं पकड़ा गया है।



**आश्वासन**

8 जैन पीड़ितों के पास पहुंचे और वारदातों को जल्द सुलझाने के साथ-साथ पुलिस गशत बढ़वाने का भी आश्वासन दिया

# सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए योग्य महिला प्रार्थी 15 तक करें आवेदन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि महिला दिवस 8 मार्च 2024 पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुषमा स्वराज पुरस्कार का आयोजन किया जाएगा। यह अवार्ड हरियाणा की महिलाओं को उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया जाएगा। उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को 5 लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए नामांकित महिला की उपलब्धि स्पष्ट और अच्छी तरह से प्रलेखित होनी चाहिए।

# छात्राओं ने हॉस्टल की समस्याओं को लेकर दी प्रदर्शन की चेतावनी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

सीवाईएसएस से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष भारत बराड़ ने कहा कि आज सभी डिपार्टमेंट से पीएचडी कर रही हॉस्टल की छात्राओं वाइस चांसलर और डीएसडब्ल्यू का ज्ञापन सौंपा। छात्राओं ने कहा कि पीएचडी के विद्यार्थियों को भारती भवन दिया गया है जिसमे कमरे बिल्कुल छोटे-छोटे हैं और एक-एक कमरे में दो-दो छात्र रह रहे हैं, जिसकी वजह से हॉस्टल में बिल्कुल भी पढ़ाई का माहौल नहीं बनता और ना ही पढ़ने की व्यवस्था है । हॉस्टल में स्कॉलर्स के लिए कोई भी सुविधा नहीं की गई। यूनिवर्सिटी प्रशासन बस फीस ही बढ़ते जा रहे हैं । हमारी यूनिवर्सिटी प्रशासन से मांग है कि पीएचडी की सभी छात्राओं को 1 सेपरेट रूम दिया जाए जिसमें सभी छात्राएं अपनी पढ़ाई ढ़ंग से कर सके ।भारत बराड़ ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी गलतियों को छुपाने की बजाय , उनको सुधारने का काम करें, ना के विद्यार्थियों को लूटने का काम करें। फीस बढाकर, इतनी इतनी फीस लेकर फिर भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को पढ़ने का माहौल नहीं दे पाता और अगर विद्यार्थी समस्याओं को लेकर चीफ वार्डन के पास जाते हैं तो उनको डरा धमका कर बैठा दिया जाता है । हमारी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग है कि जल्द ही होस्टल में रह पीएचडी की छात्राओं की मांगों पर जल्दी संज्ञान ले अन्यथा 2 दिन बाद सीवाईएसएस छात्रों के साथ मिलकर वीसी ऑफिस के सामने प्रदर्शन करेगी ।



**रोष**

8 पीएचडी के विद्यार्थियों को भारती भवन दिया गया है जिसमे कमरे बिल्कुल छोटे-छोटे हैं

# कांग्रेस सरकार आने पर विकास कार्य करवाने पर जोर दिया जाएगा: संजय



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

बीसवां मील स्थित रामनगर कालोनी में मंगलवार को कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस नेता संजय आंतिल एडवोकेट शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार प्रत्येक कदम पर विफल हुई है। अब लोगों को जवाब देने की बात आई तो लोगों को आपस में धर्म-जाति के नाम पर बांटकर गुमराह कर रही है।

कांग्रेस नेता संजय आंतिल एडवोकेट ने कांग्रेस नीतियों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो जनता के काम होते थे। महंगाई व बेरोजगारी को कम किया गया था, खेलों की सुविधाओं के लिए बेहतर प्रयास किए थे, लेकिन जब से भाजपा सरकार ने सत्ता संभाली है तभी से प्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में बिछड़ गया है। महंगाई व बेरोजगारी ने लोगों को परेशान कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर पहले जैसे विकास कार्य करवाने पर जोर दिया जाएगा और ये तभी संभव है जब सभी एकजुट होकर कांग्रेस की नीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर सुनील, गोपाल, चन्दन, अमर, मास्टर सुरेश, जयप्रकाश, लक्ष्मी देवी, सरीता देवी, रविन्द्र, भोलाराम व सोमपाल आदि मौजूद थे।

**सरकार विफल**

8 कांग्रेस की सरकार आने पर पहले जैसे विकास कार्य करवाने पर जोर दिया जाएगा

# लाखों के रिक्शा भुगतान से पहले ही हुए कूड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

नगरपालिका नांगल चौधरी ने लगभग पांच महीने पहले कूड़ा उठान के लिए 15 रिक्शों की खरीद सरकारी जेम पोर्टल के माध्यम से की गई थी।

ताज्जुब है कि अभी तक इन खरीदे गए रिक्शा के बिल नगरपालिका में पहुंचे भी नहीं है और आज सभी रिक्शा पालिक परिसर में कूड़ा बन खड़े हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को चार चांद लगाने के लिए नगरपालिका प्रशासन द्वारा लाखों की लागत से खरीदे गए ये रिक्शा इतनी कंडम हालत का शिकार बन चुके हैं कि किसी की रिम मुड़ी हुई है तो किसी का डाला क्षतिग्रस्त हो चुका।

# नशे के खिलाफ जन संपर्क अभियान जारी

**जागरूक किया**

8 खेलों के प्रति जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**पुलिस** महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशों की पालना करते हुए जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों के प्रति जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में नशे के खिलाफ स्पैशल अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का है। जानकारी देते हुए कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर उप पुलिस अधीक्षक पेहवा रजत गुलिया ने बताया कि अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए सबसे पहले नशे पर लगाम लगानी होगी, क्योंकि नशा ही अपराधों की जड़ है। नशा करने वाला व्यक्ति न केवल अपना बल्कि पूरे परिवार का ही जीवन खराब कर देता है। इस बुराई को समाप्त करने के लिये समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है।



# जयसिंह सैनी बने हल्का नांगल चौधरी के प्रभारी



**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा**

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोकदल के सुप्रीमों चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के परम भक्त तथा वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता जयसिंह सैनी को नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। बीते दिन पार्टी कार्यालय द्वारा जारी की गई सूची में जयसिंह सैनी का नाम आते ही नांगल चौधरी इंडियन नेशनल लोकदल कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और पार्टी से जुड़े कार्यकताओं ने प्रभारी को धन्यवाद देते उम्मीद जताई कि वह पार्टी द्वारा सौपी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेंगे । मालूम हो कि जयसिंह सैनी की गिनती चौटाला परिवार के वफादारों में शुमार है। पूर्व में भी पार्टी द्वारा जयसिंह सैनी को संगठन मजबूती के लिए अनेकों जिम्मेदारियां सौंपी गई थी , जिनमें वह सौपी गई जिम्मेदारियों को सफलता पूर्वक क्रियान्वन में कामयाब रहे हैं।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में वकीलों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

बार एसोसिएशन में नवनियुक्त प्रधान युद्धवीर रापरिया ने नववर्ष के उपलक्ष में स्वास्थ्य जांच सीहोर लगवाया सीवर में 12 एसोसिएशन के करीब 105 सदस्यों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई स्वास्थ्य जांच के लिए मेदांता गुरुग्राम अस्पताल से हृदय रोग विशेषज्ञ, एस के तनेजा, वंदन आदि ने स्वास्थ्य की जांच कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। शिविर की व्यवस्था अस्पताल की तरफ से मैनेजर नवीन डांगी ने संभाली। शिविर का शुभारंभ करते हुए बार एसोसिएशन के प्रधान युद्धवीर ने कहा कि बार एसोसिएशन के उत्थान के लिए वह बेहतर कार्य करेंगे। संगठन के पदाधिकारी ने प्रधान द्वारा लगवाए गए शिवर की सराहना की। शिविर में बार एसोसिएशन के उप प्रधान सुरेश अत्री, सचिव बसंत त्यागी, सहायक सचिव संदीप राठौर , कोषाध्यक्ष मोहन, लाइब्रेरियन दिनेश शर्मा आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया ।



# पिछड़ा वर्ग जागृति मंच के नवनियुक्त प्रधान सुरेन्द्र वर्मा हुए सम्मानित

## 'कली चमन की खिली रहे' अशोक रोहिल्ला द्वारा हरियाणवी बोली में रचित चौबोला संग्रह नामक बुकलेट सुरेन्द्र वर्मा को सम्मानस्वरूप की भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

समाज सेवी एवं पिछड़ा वर्ग जागृति मंच नारनौंद उपमण्डल के नवनियुक्त प्रधान सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ को सम्मानित किया गया। यह सम्मान हरियाणा साहित्य अकादमी के सौजन्य से लेखक एवं कवि अशोक कुमार रोहिल्ला द्वारा पूर्व नगर पार्षद सुरेश सोनी उर्फ पप्पू व अन्य प्रबुद्ध नागरिकों की गरीमामयी उपस्थिति में नारनौंद में आयोजित एक कार्यक्रम पश्चात बेटियों के मान में प्रेरणादायक बुकलेट भेंट कर दिया गया। दहेज प्रथा व अन्य सामाजिक बुराईयों के विरूद्ध एवं बेटी बचाओ-बेटी पढाओं के दृष्टिगत इस बुकलेट में "कली चमन की खिली रहे" नामक शीर्षक के अन्तर्गत हरियाणवी चौबोलों का संग्रह व प्रकाशन किया गया है। "चारों ओर तरक्की करगी,छोरी ये म्हारे देश की-ओलम्पिक खेलां म्हं भी,ठारी झण्डा थ्हारे देश की-कल्पना चावला, सुषमा स्वराज नहीं थी न्यारे देश की-किरण बेदी, सीता रमन भी भारत प्यारे देश की" नामक रचना से बेटियों एवं नारी शक्ति की महिमा की अनुभूति होती है। इस पुस्तक में चौबोलों के माध्यम से नारी की व्यथा-कथा,उत्पीड़न कहने का प्रयास किया गया है और समाज में कामुकता के प्रबल भाव में नारी को केवल भोग की वस्तु बना छोड़ा है

आदि का स्पष्ट चित्रण कर भारतीय संस्कृति में नारी को ससम्मान जीवन जीने का हक सुनिश्चित किया गया है। इससे पहले भी लोक सम्पर्क विभाग के डीआईपीआरओ रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा उड़ीसा के पूर्व महामहिम राज्यपाल प्रो गणेशीलाल, हरियाणा के मन्त्री डा बनवारीलाल व कमलेश ढाण्डा,पूर्व मन्त्री कृष्ण बेदी,विधायक कृष्ण मिढा,कृष्ण ढुल समेत अन्य वीआईपी'ज द्वारा उल्लेखनीय सेवाओं के लिए कई बार सम्मानित हो चुके हैं। वर्तमान में सुरेन्द्र वर्मा कई सामाजिक संस्थाओं व पैंशनर्ज संगठनों से भी जुड़े हुए हैं।

इनमें प्रमुख ज्वाईंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के प्रदेश सदस्य एवं राखी बारहा कल्याण मंच,हरियाणा पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन जींद के मीडिया प्रभारी व पिछडा. वर्ग जागृति मंच नारनौंद उपमण्डल के नवनियुक्त प्रधान भी हैं। पिछडा. वर्ग जागृति मंच नारनौंद के प्रेस सचिव एवं प्रेरणादायक बुकलेट के लेखक अशोक रोहिल्ला के पिता स्व0 सूरजभान रोहिल्ला एवं माता स्व0 नन्हीं देवी को नमन करते हुए सादर समर्पित रचनात्मकता से परिपूर्ण सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि "मैं महक वो फूल हैं, मैं शाख वे मूल हैं, उनके आशीष बिन, सपने सब धूल हैं।"



## न्यूज़ फ्लैश

### मोटरसाइकिल चोरी काबू, तीन मोटरसाइकिलें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**एंटी व्हीकल** थेफ्ट यूनिट द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी अंकित पुत्र राजेंद्र वासी नेवल को पश्चिमी यमुना नहर बाईपास करनाल से काबू किया गया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी अंकित ने 3 दिसंबर को जोगिंदर वासी सांभली की मोटरसाइकिल केएस एग्रो फूड्स कुडक से, 25 दिसंबर को किशन लाल वासी पतनपुरी की मोटरसाइकिल उसके घर के बाहर से और 25 दिसंबर को ही नीरज वासी साई कॉलोनी तरावड़ी की मोटरसाइकिल कस्बा तरावड़ी से चोरी कर वारदातों को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ व्हीकल चोरी के तहत थाना निगदू एक और थाना तरावड़ी में दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी अंकित ने चोरी की इन वारदातों को अंजाम जल्दी अमीर बनने के लिए दिया था। आरोपी के खिलाफ पहले भी तीन मुकदमे चोरी के तहत दर्ज हैं, जिनमें वह जेल में भी रह चुका है। आरोपी वारदात के समय जमानत पर आया हुआ था। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### लेन चेंज ड्राईविंग नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों पर दर्ज होगा मुकदमा : एसपी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**जिला** पुलिस द्वारा पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। इसमें पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों के गलत लेन में चलने पर अब उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा।
सडक सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला पुलिस ने लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उलघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश देते हुए कहा गया कि सडक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए।
एसपी शशांक कुमार सावन ने निर्देश दिए कि अगर किसी वाहन चालक द्वारा लेन चेंज ड्राइविंग के संबंध में निर्धारित दिशा निदेर्शों की पालना नहीं की गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा मुकदमें दर्ज किए जाएं। इस अभियान का मकसद प्रतिदिन बढ़ रही सडक दुर्घटनाओं को कम करना और यातायात से संबंधित नियमों की पालना सुनिश्चित करवाना है।

### 12 जनवरी भारत के इतिहास के गौरवमयी दिनों में से एक : डा.अर्चना गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को कुरुक्षेत्र में युवाओं का एक बहुत बड़ा सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। इसमें सभी जिलों से युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आएंगे। इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में पंहुची। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 12 जनवरी भारतीय इतिहास के गौरवमयी दिनों में से एक है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरुक्षेत्र में होगा महायुवा सम्मेलनः योगेंद्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिला** भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी मेंबर, मंडल अध्यक्ष, जिला मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ और विभाग के जिला संयोजक मौजूद रहे। उन्होंने पार्टी के आगामी कार्य योजना को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिये।
जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने इस मौके पर सभी कार्यकताओं को नमो एप को सभी कार्यकर्ता के



फोन में डाउनलोड करवाना, सांसद को 30 हजार, सभी विधायक को 5 हजार और सभी कार्यकताओं को 10 ब्रांड अम्बेसडर बनाने हेतु जानकारी दी। साथ ही सरल एप पर मन की बात के हर कार्यक्रम को अपलोड करवाने और अपना डाटा अप्लोड करने बारे जरूरी दिशा-निर्देश दिए।
उन्होंने बताया कि 14 से 22 जनवरी तक स्वच्छता पखवाड़ा चलेगा। सभी पार्टी कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद की टीम के साथ राम मंदिर का न्यौता देने जाएं और राम मन्दिर के लिए मंदिरों की सफाई करवाने बारे कहा। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को कुरुक्षेत्र में युवाओं का एक बहुत बड़ा सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमे मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। इसमें सभी जिलों से युवा कार्यकर्ता आएंगे और यह युवा सम्मेलन स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में होने जा रहा है।
योगेंद्र राणा ने विश्वकर्मा योजना के बारे जानकारी देते हुए कहा कि विश्व कर्मा योजना के तहत कारीगरों को 15 हजार रुपये तक के टूल किट और 5 प्रतिशत ब्याज पर बिना गारंटी के 3 लाख रुपये तक का ऋण, 500 रुपये प्रतिदिन के दैनिक भत्ते के साथ मुफ्त कौशल प्रशिक्षण, विपणन सहायता, प्रमाण पत्र और कारीगर पहचान दी जाएगी। कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा ।
उन्होंने बताया कि बीए करने वाले विद्यार्थियों, पालिटेक्निक, डिप्लोमा, सीए, एएनएम, जीएनएम, अंडर ग्रेजुएट डिप्लोमा पर छात्र को 15 हजार रुपए लाभ दिया जाएगा। फामेर्सी व इंजीनियरिंग डिग्री वाले छात्र को 20 हजार रूपए तथा एमबीबीएस, बीएएमएस व बीडीएस करने वाले छात्र-छात्रा को 21 हजार रुपए वार्षिक लाभ इस योजना के तहत दिया जाता है।

## सीजेएम जसबीर कौर ने किया तपन दिव्यांग संस्था का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।मुख्य न्यायिक** दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर आज तपन दिव्यांग सस्था पहुंची। उनके साथ ट्रेनिंग सिविल जज (जूनियर डवीजन) रितिज अरोड़ा, रितिका शर्मा, उदित अग्रवाल, नितिका बंसल, अनमोल ककड़, रूहेला व अवंतिका, फील्ड ट्रेनिंग के लिए उपस्थित थे। उन्होंने तपन दिव्यांग सस्था में रह रहे बच्चों से बातचीत की और उन्हे मुफ्त कानूनी सेवाओं बारे जानकारी दी। उन्होंने तपन संस्थान द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे पुनर्वास के कार्यों की प्रशंसा की। तपन संस्थान की डायरेक्टर डॉ. सुजाता ने तपन संस्थान की विभिन्न गतिविधियों से परिचित करवाया। उन्होंने बच्चों व तपन की टीम को लोहड़ी त्योहार की शुभकामनाए दी। बच्चों को मूंगफली व रेवड़ी वित्तरित कर लोहड़ी पर्व मनाया गया।

## सोनू हत्याकांड में आरोपियों से चाकू, बाइक और फोन बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल के उत्तम** नगर सोनू हत्याकांड में पुलिस ने चाकू, दो मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। मामले में 8 आरोपी अब जेल में बंद हैं, जबकि एक अभी पुलिस के हाथ नहीं लगा है। हालांकि इस मामले में पुलिस अभी तक यह खुलासा नहीं कर पाई है कि फोन कॉल पर सोनू को धमकी देने वाला शख्स कौन था? यह अभी तक संशय बना हुआ है। बीती 29 दिसंबर की शाम 6.40 बजे उत्तम नगर में सोनू अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। तभी 10-15 लडके गली में लड़ाई झगड़ा करते हुए एक दूसरे पर पत्थर फेंक रहे थे। सोनू ने उनका टोका तो युवकों ने उसके ऊपर तीन बार चाकुओं से हमला कर दिया और मौके से फरार भी हो गए। घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की तफ्तीश शुरू हुई, लेकिन उससे पहले ही एक ऑडियो वायरल हो गया। जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोनू को शहर छोडकर जाने के लिए कहा था और किसी सरदार का नाम भी लिया था, जो तीन लाख की सुपारी दे रहा था। सोनू धमकी के बाद करनाल छोडकर जाने को भी तैयार था, लेकिन उससे पहले ही उस पर हमला हो गया और उसकी मौत हो गई।
इसी दौरान पांच जनवरी को पुलिस ने छह आरोपियों और उनके दो सहयोगियों यानी आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश कर उन्हें रिमांड पर भी ले लिया। इन छह आरोपियों में विकास नगर का मोहित, बालू गांव का गौरव कुमार, फूसगढ़ का शुभम कुमार, उत्तम नगर का सागर कुमार, बालू गांव का प्रिंस और उत्तम नगर का अमित शामिल थे। इनकी सहायता करने वाले सोहिल व रमन को भी गिरफ्तार किया गया था। इन्हीं आरोपियों को रिमांड पर लिया और हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया।

## 50 ग्राम स्मैक सहित आरोपी काब

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। स्पेशल** स्टॉफ असंध की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी मोनू पुत्र सतबीर सिंह वासी पलावास थाना रोडाई जिला रेवाड़ी हाल आफतापगढ़ सफीदों जिला जींद को नजदीक बस अड्डा दनोली से काबू कर गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब अस्सी हजार है। इस संबंध में आरोपी मोनू के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी यह स्मैक सफीदों से ही किसी व्यक्ति से लेकर आया था, जो कि आरोपी मोनू स्मैक को पैसे कमाने के लालच में छोटी-छोटी मात्रा में चलते फिरते नशा करने वालों को बेचता है। आरोपी मोनू के खिलाफ पहले भी चोरी के तहत एक मुकदमा दर्ज है।

## स्वयं के वास्तविक स्वरूप को जानने के लिए ध्यान करना आवश्यकः डॉ. अमित पुंज

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भारत** स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति एवम आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर कनिका पब्लिक स्कूल में चल रहा है। शिविर के 9वें दिन भारत स्वाभिमान न्यास के जिलाध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा ने शिविर का शुभारंभ वेद मंत्रों के साथ किया। योग्गिंग जॉगिंग के 12 अभ्यास, सूर्यनमस्कार एवम खड़े होकर किये जाने वाले नियमित योगासनों के पश्चात बैठकर किये जाने वाले मधुमेह के विशेष अभ्यास करवाये। मण्डूक आसन, उत्तान मण्डूक आसन, शशांक आसन, गौमुख आसन, वक्र आसन एवम नौका



आसनों का अभ्यास सिखाया गया। प्राणायाम सत्र में भस्त्रिका, कपालभाति एवम बाह्य प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि ये सभी आसन और प्राणायाम पेट के सभी अंगों को सुदृढ़ करने के साथ साथ मूत्र रोग, धातु रोग, नपुंसकता एवम बांझपन को दूर करने में सहायक हैं। उन्होंने बताया कि सूर्यनमस्कार पूर्ण व्यायाम है, जिसका नियमित अभ्यास मानव शरीर के सम्पूर्ण संस्थानों को आरोग्य एवम शक्ति प्रदान करता है। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉक्टर अमित पुंज ने अष्टांग योग के सातवें स्तम्भ इ्ध्यानइ पर विशेष चर्चा की। उन्होंने बताया कि जीवन की सर्वाधिक महान कला ध्यान है। जीवन की वह अवस्था जिसे स्वयं अनुभव किया जा सकता है, परंतु किसी के साथ इस अनुभव को शेयर नहीं किया जा सकता।

# सीएम ने आईटी का प्रयोग कर भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद पर लगाई रोक'

## प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र में तबदील हो जाए, यह एक बड़ा और व्यापक अभियान है'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भाजपा** एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा ने इन्द्री विधासभा क्षेत्र के गांव नौरता में विकसित भारत यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आईटी का प्रयोग कर भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद पर रोक लगाई है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम की नौकरियों में गरीबों को प्राथमिकता दी जा रही है। भाजपा सरकार का उद्देश्य पंक्ति में अंतिम स्थान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान करना है। इस मौके पर



ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि व संकल्प यात्रा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।
उन्होंने गांव को लाल डोरा मुक्त करने, पंचायत में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने जैसी उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 32 नए महिला कॉलेज खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को जनसंवाद के साथ जोडकर एक अनूठा रूप दिया है, जिससे लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान न केवल विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही, बल्कि पात्र नागरिकों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके अलावा लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र में तबदील हो जाए। यह एक बडा और व्यापक अभियान है। देश के प्रत्येक नागरिक और सभी वर्ग के लोगों को इस अभियान से जुडना चाहिए। यदि सभी लोग इससे जुडेंगे तो निश्चित ही भविष्य में भारत वैश्विक मानचित्र पर सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सकेगा।
अमरनाथ सौदा ने कहा कि देश की जनता को नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। मोदी ने देश को दुनिया की तीसरी अर्थ व्यवस्था और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि उनके इस संकल्प को पूरा करने में हमे भी अपना योगदान देना होगा। आज भारत की जनता ही नहीं, पूरी दुनिया बडी उम्मीद भरी निगाहों से मोदी की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत इच्छाशक्ति के बलबूते कुछ भी किया जा सकता है। आज प्रदेश में सर्वजन हिताय की सोच से कार्य किए जा रहे हैं।

## डिपो धारकों ने शुरू की हड़ताल, प्रदर्शन कर राशन वितरण न करने का किया ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। प्रदेश में** कार्ड धारकों के लिए राशन का संकट खड़ा होने वाला है, क्योंकि आज से प्रदेशभर के राशन डिपो धारक हड़ताल पर चले गए हैं। इसी कड़ी में आज पानीपत व करनाल के डिपो धारक अपनी 11 मुख्य मांगों को लेकर सडकों पर उतरे और उन्होंने मेरठ रोड स्थित डीएफएससी कार्यालय में पहुंचकर खाद्य एवं अपूर्ति विभाग के अधिकारी अनिल कालरा को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान डिपो होल्डर्स एसोसिएशन ने चेताया कि जब तक उन्हें लिखित आश्वासन नहीं मिलता है, वे अपना डिपो नहीं खोलेंगे।
डिपो होल्डर एसोसिएशन की सदस्य ऊषा तुली ने प्रदर्शन के दौरान जिक्र करते हुए बताया कि सरकार द्वारा 60 साल की आयु वाले डिपो होल्डर्स को रिटायर्ड करने के आदेश जारी किए गए हैं, जिससे बुजुर्ग डिपो होल्डर्स को रोजगार के लिए परेशानी हो जाएगी। सरकार रिटायर्ड कर रही है तो उन बुजुर्गों को 20 हजार रुपए प्रति माह पेंशन दिया जाए, क्योंकि हम सरकार की तरफ से काम कर रहे हैं न कि सरकारी नौकरी। सरकार पेंशन नहीं दे रही है तो उसी परिवार के किसी अन्य सदस्य को प्राथमिकता के आधार पर डिपो अलॉट किया जाए।
डिपो होल्डर संजय, गुरजीत, रिंकू व रमेश ने बताया कि सरकार ने गुजरात वाले डिपो होल्डर्स का मानदेय निश्चित किया है, उसी तर्ज पर पूरे देश में मानदेय निर्धारित होना चाहिए। सरकार से मानदेय निश्चित करने की मांग की जा रही है। अगर सरकार सैलरी या मानदेय की मांग को मान लेती है तो कमीशन छोडने के लिए भी तैयार हैं। इसके अलावा सरकार ने 310 राशन कार्ड होने पर ही डिपो खोलने की अनुमति देने की बात कही है।

## बैंक कर्मी की हत्या करने वाले दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस। जिले के** कस्बा असंध में अशोक बिंदल हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खुलासा किया है कि अशोक की प्रेमिका के पति ने ही हत्याकांड को अपने दोस्त और मौसी के लडके के साथ मिलकर अंजाम दिया था। 21 दिसंबर को प्रेमिका ने कोर्ट में तलाक का केस डाला और उसी दिन बलराज ने सुबह अशोक की रेकी की और रात को हत्याकांड को अंजाम दिया।
अशोक की गर्दन पर चाकू से वार किया गया था। हत्या के बाद इन लोगों ने जान-बूझकर ही मृतक की बाइक को चार किलोमीटर दूर खड़ा किया था और मृतक का फोन भी आरोपी ही अपने साथ ले गए थ, जिसको पुलिस ने बरामद कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।
हत्याकांड के मास्टरमाइंड तक पहुंचने के लिए पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि मास्टरमाइंड भी जल्द ही पुलिस के हत्थे चढ़ जाएगा। आरोपियों को रिमांड पर लेकर वारदात में इस्तेमाल हथियारों की बरामदगी की जाएगी।
उल्लेखनीय है कि गत 22 दिसंबर को असंध की बालाजी कालोनी के रहने वाले अशोक बिंदल का शव जलमाना के पास खेतों में मिला था। खेतों में शव मिलने के बाद आसपास के एरिया में हडकंप की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इसके बाद एफएसएल की टीम व असंध पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। असंध पुलिस ने सोमवार को पांडू पिटारा गांव के बिट्टू और हिसार जिला के मतलौडा के विनोद को पकड़ा है, लेकिन प्रेमिका का पति और पूरे प्रकरण का मास्टर माइंड बलराज अभी फरार है। बिट्टू बलराज का दोस्त है और विनोद सगी मौसी का लडका है।

## सरकार की योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों काः बख्शीश सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर एवं विकसितइ भारत के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादइ मंगलवार को करनाल जिला की असंध विधानसभा के खंड चिड़ाव के गांव अलीपुर वीरान में पंहुची। जहां पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने बतौर मुख्य अतिथि 'विकसित भारत संकल्प यात्राइ का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने लाभार्थियों



से सीधा संवाद करते हुए कहा कि 'विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्राइ अंतिम व वंचित व्यक्ति तक सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लाभार्थियों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे है। मुख्यमंत्री ने 'अंत्योदयइ उत्थान जैसी योजनाएं लागू कर हरियाणा प्रदेश के उन गरीब लोगों का कल्याण एवं उत्थान किया है जो समाज की स्ट्रीम लाइन से टूटे हुए व कटे हुए हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इन कार्यक्रमों का हिस्सा बनकर योजनाओं का लाभ उठाएं। पूर्व विधायक ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्राइ के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक 'आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया और उस दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# गोगड़ीपुर और बेगमपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत** संकल्प यात्रा आज जिला के गांव गोगड़ीपुर और बेगमपुर पहुंची। गोगड़ीपुर में विधायक हरविंद्र कल्याण और बेगमपुर में पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर कल्याण ने कहा कि समाज में संस्कारों की कमी होना चिंता की बात है। सामाजिकता की भावना भी घट रही है। हमें न केवल संस्कारों को मजबूत करना होगा बल्कि आपसी प्रेम और सद्भाव को बढ़ाना होगा। पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मतलब है कि सभी लोग सुख



सुविधाओं से संपन्न हों।
गोगड़ीपुर में सरपंच संगीता रानी और बेगमपुर में सरपंच रणजीत ने विधायक का स्वागत किया। सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार ने गांव में पिछले 9 साल में कराए गए कार्यों की जानकारी दी। विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और ग्रामीणों से बातचीत की। दोनों गांवों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक बिजेंद्र नरवाल ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किये। गोगड़ीपुर में रमेश शर्मा और बेगमपुर में देवेंद्र शर्मा ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।
विधायक कल्याण ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर यात्रा हलके के 67 गांवों को कवर कर चुकी है। हर गांव में 50 से 100 लोगों के काम मौके पर हुए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी व कर्मचारी आज भी लोगों की समस्याओं को निपटने की बजाय टालमटोल की नीति अपना रहे हैं। उन्हें अपना रवैया बदलना होगा। हमारी भावना हर गरीब, लाचार व पात्र व्यक्ति की गंभीरता से मदद करने की होनी चाहिए। लोगों को सही तरीके से योजनाओं के प्रति जागरूक करना परम कर्तव्य है।

# अभिभावक-अध्यापक मीटिंग में बच्चों के उज्जवल भविष्य पर की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। बच्चों** के उज्जवल भविष्य को लेकर आकाश बायजूस की ओर से पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्रों और.माता-पिता के साथ बैठकर बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर चर्चा की। इस पहल के मूल में छात्र समूहों के लिए समर्पित मेंटर्स की शुरूआत है। यह प्रक्रिया एक व्यापक मूल्यांकन के साथ शुरू होती है, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, सामर्थ्य, कमजोरियों और सुधार के क्षेत्रों को शामिल किया जाता है।

**मूल्यांकन**

**8 छात्र समूहों के लिए समर्पित मेंटर्स की शुरूआत है। यह प्रक्रिया एक व्यापक मूल्यांकन के साथ शुरू होती है**

अद्वितीय पहलू संरक्षक और विषय संकायों के सामूहिक प्रयास में निहित है, प्रत्येक एक अच्छी तरह से गोल विश्लेषण बनाने के लिए अपने विशेष अंतर्दृष्टि का योगदान देता है।
यह सहयोगात्मक चर्चा यह सुनिश्चित करती है कि संरक्षक को छात्र की यात्रा की 360 डिग्री की समझ है, जिससे उन्हें व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करने की अनुमति मिलती है। पीटीएम के दौरान आकाश के शिक्षकों द्वारा बच्चे के माता-पिता को बच्चे की शिक्षा के बारे में गहन जानकारी प्रदान की गई।
ये बैठकें न केवल शिक्षाविदों बल्कि छात्र विकास के आवश्यक पहलुओं में भी शामिल हैं, जिसमें अनुशासन और कक्षा की व्यस्तता शामिल है, जो माता-पिता को अपने बच्चे की प्रगति की बारीक समझ प्रदान करती है।

## संपादकीय

# गूगल ने भी माना हिन्दी का लोहा

**आधुनिकता** की ओर तेजी से अग्रसर कुछ भारतीय आज भले ही अंग्रेजी बोलने में अपनी आन, बान और शान समझते हों किन्तु सच यही है कि हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतवासी को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है। सही मायनों में विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषा है भारत की राजभाषा हिन्दी, जो न केवल भारत में बल्कि अब दुनिया के अनेक देशों में बोली जाती है। वैश्विक स्तर पर हिन्दी की बढ़ती ताकत का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष यही है कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं और दुनियाभर के सैकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है। दुनियाभर में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करने तथा हिन्दी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस वास्तव में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी की महानता के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। पहली बार नागपुर में 10 जनवरी 1975 को विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तत्पश्चात भारत के बाहर मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, अमेरिका इत्यादि देशों में भी विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया। विश्वभर की भाषाओं का इतिहास रखने वाली संस्था एथ्नोलॉग द्वारा जब हिन्दी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया जाता है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अगर हिन्दी बोलने वाले लोगों की संख्या की बात की जाए तो विश्वभर में 75 करोड़ से भी ज्यादा लोग हिन्दी बोलते हैं। इंटरनेट पर भी हिन्दी का चलन दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल द्वारा कुछ वर्षों पूर्व तक जहां अंग्रेजी सामग्री को ही महत्व दिया जाता था, वहीं अब गूगल द्वारा भारत में हिन्दी तथा कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की सामग्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि देश में हिन्दी में इंटरनेट उपयोग करने वाले की संख्या अब अंग्रेजी में इसका उपयोग करने वालों से ज्यादा हो जाएगी। कुछ वर्ष पूर्व डिजिटल माध्यम में हिन्दी समाचार पढ़ने वालों की संख्या करीब साढ़े पांच करोड़ थी, जो अब बढ़कर 14 करोड़ से ज्यादा हो जाने का अनुमान है। इंटरनेट पर हिन्दी का जो दायरा कुछ समय पहले तक कुछ ब्लॉगों और हिन्दी की चंद वेबसाइटों तक ही सीमित था, अब हिन्दी अखबारों की वेबसाइटों ने करोड़ों नए हिन्दी पाठकों को अपने साथ जोड़कर हिन्दी को और समृद्ध तथा जन-जन की भाषा बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तकनीकी रूप से हिन्दी को और ज्यादा उन्नत, समृद्ध तथा आसान बनाने के लिए अब कई सॉफ्टवेयर भी हिन्दी के लिए बन रहे हैं। यह हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी की ताकत ही कही जाएगी कि इसके इतने ज्यादा उपयोगकताओं के कारण ही अब भारत में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हिन्दी का भी उपयोग करने लगी हैं। हिन्दी की बढ़ती ताकत को महसूस करते हुए भारत में ई-कॉमर्स साइटें भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए हिन्दी में ही अपनी ऐप लेकर आ रही हैं। हिन्दी इस समय देश की सबसे तेजी से बढ़ती भाषा है। अगर 2011 की जनगणना के आंकड़े देखें तो 2001 से 2011 के बीच हिन्दी बोलने वालों की संख्या में हमारे देश में करीब 10 करोड़ लोगों की बढ़ोतरी हुई।

# भारत में आर्थिक असमानता में कमी आई

**किशन सनमुखदास**

> रिपोर्ट के मुताबिक एसेसमेंट ईयर 2022 में 7 करोड़ टैक्सपेयर्स ने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किय था जिसकी संख्या एसेसमेंट ईयर 23 में बढ़कर 7.40 करोड़ हो चुकी है. और एसेसमेंट ईयर 2023-24 में 8.20 करो। इस बीच, 10 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले शीर्ष 2.5प्रतिशत करदाताओं की हिस्सेदारी 2013-14 के 2.81प्रतिशत से घटकर 2020-21 में 2.28प्रतिशत रह गई है। इसी अवधि के दौरान, 100 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले शीर्ष 1प्रतिशत करदाताओं की हिस्सेदारी 1.64प्रतिशत से कम होकर 0.77प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट कहती है, महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में के-आकार के सुधार पर बार-बार होने वाली बहस दोषपूर्ण, पूर्वाग्रह से ग्रसित और मनगढ़ंत है। यह चुनिंदा तबकों के हितों को बढ़ावा देने वाली भी है

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनियां भारत की हर स्थिति परिस्थिति व गतिविधि पर नजर लगाए हुए हैं, क्योंकि हर क्षेत्र में भारत विकास का झंडा लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें से 5वें नंबर पर आकर अब तीसरे नंबर की ओर बढ़ रहा है, जिसका जीता जगता सबूत नीति आयोग द्वारा पिछले 5 वर्ष में 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा के ऊपर उठने की रिपोर्ट और अब दिनांक 8 जनवरी 2024 को देर शाम एसबीआई की ताजा रिसर्च रिपोर्ट में भारत में आर्थिक असमानता में कमी, मध्यम वर्गीय लोगों का विकास, आईटी रिटर्न भरने में तीन गुना ऊछाल सहित अनेक बातें अपनी रिपोर्ट में अनेक आधारों का विस्तृत उल्लेख कर बताया है। परंतु अगर हम स्विट्जरलैंड में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 2023 की रिपोर्ट सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट रिपोर्ट याने दावोस रिपोर्ट को देखें तो असमानता बड़ी हुई है, ठीक उसी तरह अगर हम अंतरराष्ट्रीय रिसर्च एजेंसियों की रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्ट उठाकर देखें तो हर साल की रिपोर्ट में भारत की स्थिति का आकलन बहुत कम होता है यही कारण है की सूची में भारत बहुत पिछड़ा नजर आता है ,अनेक रीसर्च रिपोर्ट्स पर भारत ने नाराजगी भी व्यक्ति की है। खैर इस बात की तस्वीर हमें मिशन 2047 की दिशा में बढ़ते कदमों से आभास हो जाएगा कि हम अगड़े हैं या फिर पिछड़े। परंतु मेरा मानना है कि हम अपने लक्ष को लेकर बेहद संजादिगी और विश्वास से आगे बढ़ रहे हैं जो आगे चलकर दुनियां देखेगी, क्योंकि ऐसे हम दिखाने में नहीं, काम करने में विश्वास रखते हैं। चूंकि एसबीआई की 8 जनवरी 2024 की हालिया रिपोर्ट विकसित भारत की ओर बढ़ रहे परिणाम की सफलता की पुष्टि करती हैइसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, एसबीआई रिपोर्ट को देखें तो टारगेट विकसित भारत में सक्रियता परंतु दावोस रिपोर्ट 2023 को देखें तो स्थिति विपरीत फिर भी हम लक्ष्य प्राप्ति में आगे हैं। साथियों बात अगर हम दिनांक 8 जनवरी 2024 को देर शाम जारी एसबीआई की ताजा रिसर्च रिपोर्ट की करें तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भारत के लोगों की आय पर रिसर्च किया है। नए अध्ययन से पता चला है कि हाल के वर्षों में लोगों की आय में असमानता कम हुई है और आमदनी बढ़




रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय मिडिल क्लास की स्थिति मजबूत हो रही है जिसके वजह से यह संभव हो पाया है। देश के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक ने अपने एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया है कि देश में आर्थिक असमानता में कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक इनकम टैक्स रिटर्न के डेटा के जरिए लोगों के टैक्सेबल इनकम पर नजर डालें तो लोगों के इनकम में असमानता एसेसमेंट ईयर 2014-15 से लेकर एसेसटमेंट ईयर 2022-23 के दौरान 0.472 से घटकर 0.402 पर आ गई है। एसबीआई ने अपने रिसर्च रिपोर्ट में कहा कि महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में के-आकार की रिकवरी के बारे जो सवाल खड़े किए जा रहे दावे दोषपूर्ण, पूर्वाग्रह से ग्रसित और मनगढ़ंत है. रिपोर्ट में कहा गया कि महामारी के बाद भारतीय अपनी बचत को अचल संपत्ति समेत फिजिकल एसेट्स में निवेश कर रहे हैं. एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 महामारी के बाद कम ब्याज दरों का लाभ उठाने के लिए भारत में भी वैश्विक रुझान के मुताबिक अपनी बचत को फाइनेंशियल एसेट्स से निकालकर लोग फिजिकल एसेट्स में लगा रहे हैं एसबीआई ने अपने रिपोर्ट में कहा कि एसेसटमेंट ईयर 2014-15 के दौरान 3.5 लाख रुपये से कम आय सेगमेंट वाले 36.3 फीसदी टैक्येपयर्स अब इस इनकम ग्रुप से बाहर आ गए हैं और ऊपर के आय वाले सेगमेंट में चले गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक 3.5 से 5 लाख रुपये और 5 से 10 लाख रुपये के सालाना इनकम वाले सेगमेंट में 15.3 फीसदी टैक्सपेयर्स शिफ्ट कर चुके हैं. 5.2 फीसदी लोग 10 से 20 लाख रुपये इनकम के सेगमेंट में जा चुके हैं. बाकी लोग 20 लाख रुपये सालाना इनकम से ऊपर वाले ब्रैकेट में जा चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 4 लाख रुपये से कम आय ग्रुप में शामिल 21.1 फीसदी लोग में 6.6 फीसदी 4 से 5 लाख रुपये इनकम वाले ब्रैकेट में जा चुके हैं. 7.1 फीसदी 5 से 10 लाख रुपये सालाना इनकम के ग्रुप में शिफ्ट कर चुके हैं। 2.9 फीसदी 20 से 50 लाख रुपये सालाना इनकम के सेगमेंट में शामिल हो चुके हैं और 0.8 फीसदी 50 लाख से 1 करोड़ रुपये सालाना इनकम के ग्रुप में आ चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एसेसमेंट ईयर 2022 में 7 करोड़ टैक्सपेयर्स ने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किय था जिसकी संख्या एसेसमेंट ईयर 23 में बढ़कर 7.40 करोड़ हो चुकी है. और एसेसमेंट ईयर 2023-24 में 8.20 करो। इस बीच, 10 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले शीर्ष 2.5प्रतिशत करदाताओं की हिस्सेदारी 2013-14 के 2.81प्रतिशत से घटकर 2020-21 में 2.28प्रतिशत रह गई है। इसी अवधि के दौरान, 100 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले शीर्ष 1प्रतिशत करदाताओं की हिस्सेदारी 1.64प्रतिशत से कम होकर 0.77प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट कहती है, महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में के-आकार के सुधार पर बार-बार होने वाली बहस दोषपूर्ण, पूर्वाग्रह से ग्रसित और मनगढ़ंत है। यह चुनिंदा तबकों के हितों को बढ़ावा देने वाली भी है जिनके लिए भारत का बेहतरीन उत्थान, जो नए वैश्विक दक्षिण के पुनर्जागरण का संकेत देता है, काफी अप्रिय है। के-आकार के पुनरुद्धार का मतलब अर्थव्यवस्था के विभिन्न समूहों की असमान वृद्धि है। इसमें अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र बहुत तेजी से बढ़ते हैं जबकि अन्य क्षेत्रों में गिरावट जारी रहती है या उन्हें संघर्ष का सामना करना पड़ता है। एसबीआई की रिपोर्ट कहती है कि कोविड-19 महामारी के बाद कम ब्याज दरों का लाभ उठाने के लिए भारत में भी वैश्विक रुझान के मुताबिक अपनी बचत को वित्तीय परिसंपत्तियों ने निकालकर भौतिक परिसंपत्तियों में लगाने का रुझान देखा गया है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड डेटा के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि इनकम टैक्स का आधार साल दर साल बढ़ रहा है. वहीं, इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या वर्ष 2021-22 के 70 मिलियन यानी सात करोड़ से बढ़कर 2022-23 में 74 मिलियन हो गई है. आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 दिसम्?बर 2023 तक कुल 82 मिलियन इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल की गई हैं।

साथियों बात अगर हम 2023 में जारी वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस रिपोर्ट की करें तो दावोस, स्विट्जरलैंड में इस साल के वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की शुरूआत के साथ जारीऑक्सफैम इंटरनेशनल की सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अरबपतियों की संख्या 2020 में 102 से बढ़कर 166 हो गई है, जहां ये वर्ष 2000 में केवल 9 थी। भारत में सबसे अमीर 1 प्रतिशत के पास अब देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है और सिर्फ 5 प्रतिशत भारतीयों के पास देश की 60 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021-22 में जीएसटी में कुल 14.83 लाख करोड़ रुपये का लगभग 64 प्रतिशत नीचे की 50 प्रतिशत आबादी से आया, जिसमें शीर्ष 10 से केवल 3 प्रतिशत जीएसटी आया। लैंगिक असमानता पर, रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला श्रमिकों को एक पुरुष कार्यकर्ता द्वारा कमाए गए प्रत्येक 1 रुपये के लिए केवल 63 पैसे मिलते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2021-22 में जीएसटी में कुल 14.83 लाख करोड़ रुपये का लगभग 64 प्रतिशत नीचे की 50 प्रतिशत आबादी से आया, जिसमें शीर्ष 10 से केवल 3 प्रतिशत जीएसटी आया। लैंगिक असमानता पर, रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला श्रमिकों को एक पुरुष कार्यकर्ता द्वारा कमाए गए प्रत्येक 1 रुपये के लिए केवल 63 पैसे मिलते हैं। जिस वक्त दुनिया एक साथ कोविड महामारी और जलवायु परिवर्तन, रहने की बढ़ती लागत, यूक्रेन रूस युद्ध जैसे संकटों से घिरी हुई ह।

## कविता

पास था फासला,कितना दूर हो गया।।
जो हमारी आंखों से दूर हो गया ।
मानो वह जिंदगी से दूर हो गया।।

सांझ को जिसने मिलने का किया वादा ।।
वह तो तपती दोपहर में काफूर हो गया ।।।

आओ मिलकर चलते हैं दूर तक ।
पास था फासला,कितना दूर हो गया।।

कश्ती डगमगाती रही लहरों में।
लहरो का मचलना दस्तूर हो गया।।

आगे दूर तक चिलचिलाती धूप हैं ।
बेहद हंसी शहर था ,बेनूर हो गया।।

क्यों पत्थर फैंकते हो दीवाने पर।
प्यार करना कब से कुसूर हो गय''

रिश्ते हमारे कितने मधुर,हसीन थे,
अब इतनी दूरी, हमसे क्या कसूर हो गया।।

संजीव ठाकुर

## कीचड़बाजी की कला

सुनील कुमार महला

**कीचड़** उछालिए। अजी ! जमकर कीचड़ उछालिए। कीचड़ उछालने का अपना आनंद है। पहले रंगों के अभाव में होली पर कीचड़ उछाला जाता था लेकिन आजकल कीचड़ उछालने के लिए होली के त्योहार का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। जब जी में आये, तब कीचड़ उछाला जा सकता है। सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात, जब जी में आए तब कीचड़ उछालिए।अपना अपना कीचड़ छांटिए और उछाल दीजिए। कीचड़ की महिमा न्यारी है। अब कीचड़ पर सिर्फ और सिर्फ सूअरों, भैंसों और कमल का ही अधिकार नहीं है। कीचड़ अब ग्लोबल हो चुका है। हर कोई कीचड़ उछालने के लिए स्वतंत्र है। चुनावी सीजन में राजनेता एक दूसरे पर कीचड़ उछालते हैं। राजनीति और राजनेताओं का प्रिय शगल है कीचड़ उछालना। कीचड़ को आप सामान्य नहीं मानें। कीचड़ अति विशेष है। यदि आपको सुर्खियों में रहना है तो कीचड़ उछालना सीखिए। कीचड़ का अपना संसार है। कीचड़ ही असली बहार है। कीचड़ ही असली प्यार है। शेष सब बेकार है। राजनीति में कीचड़ गतिशीलता पैदा करता है। बिना कीचड़ के राजनीति के रंग फीके पड़ जाते हैं। कीचड़ राजनीति को नया रंग चढ़ाता है। कीचड़ से तनिक भी डरो नहीं। हाथों में उठाओ और जहां मन चाहे पटक डालो, जिस पर मन चाहे पटक डालो। अजी ! कीचड़बाजी एक कला है। यह हुनर है जो आदमी की प्रसिद्धि में चार चांद लगाता है। कीचड़बाजी राष्ट्रीय कर्म है। नहीं ये शर्म है। राजनीति का असली धर्म है। कीचड़ में गरमा-गरमी है। इसलिए कीचड़ को अधिकाधिक प्रोत्साहित करने की जरूरत है। कीचड़ उछालकर ख्याति प्राप्त की जा सकती है। कीचड़ से राजनीति की जंग जीती जा सकती है। इसलिए कीचड़बाजी में दक्ष होना आज की राजनीति की अनिवार्य शर्त है, शेष सब गर्त है। एक अच्छा व दक्ष कीचड़बाज अनेक गुणों से लैस होता है। जैसे अंतरराष्ट्रीय कीचड़बाज होने के लिए गजभर लंबी जुबान होना अति आवश्यक है। एक अच्छा कीचड़बाज सुनने वालों के इंटरेस्ट यानी कि उनकी रूचियों का सदैव ध्यान रखता है कि वे सुनना क्या चाहते हैं ? वह सफेद झूठ को पूरे कांफिडेंस से आडियंस के सामने उछालता है। एक दक्ष कीचड़बाज दाग धब्बों, मैल,कालिख की तनिक भी परवाह नहीं करता। वह होली की परवाह नहीं करता। किसी भी दिन, कहीं भी,कभी भी कीचड़ उछाल सकता है। एक दक्ष कीचड़बाज कीचड़ के प्रति सदैव कृतसंकल्पित होता है। वह पिटने की परवाह नहीं करता और न ही इस बात की परवाह करता है कि लोग क्या कहेंगे ? वह जानता है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना..! हाल फिलहाल, आप चाहें तो आप हमारे इस आर्टिकल पर भी कीचड़ उछाल सकते हैं। आपको कीचड़ उछालने की पूरी छूट है। गुस्ताखी माफ।

## विचार

# वैश्विक भाषा बने हिन्दी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

विश्व हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है। 10 जनवरी इसी भावना को समर्पित दिन है जिसे भारतवासी विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन हमें देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरूआत की गई। विश्व में पहला हिंदी दिवस 10 जनवरी 1974 को महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित किया गया था। इस महासम्मेलन में 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तब से ही इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दी का एक अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में संवर्द्धन करने और विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन को संस्थागत व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना का निर्णय लिया गया था। विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरीसस के मोका गांव में 11फरवरी 2008 से कार्यरत है।

विश्व हिन्दी दिवस को मनाने की शुरूआत पहली बार साल 1953 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के सुझाव पर की गई थी। इस दिन को मनाने के पीछे का कारण हिंदी के महत्व को बढ़ाना था। विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार करना, हिन्दी के प्रति अनुराग पैदा करना, हिन्दी की दशा के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन किया था। इस साल 2023 में विश्व हिंदी दिवस की थीम है हिंदी को जनमत की भाषा बनाना बगैर उनकी मातृभाषा की महत्व को भूले। विश्व हिंदी दिवस 2023 सम्मेलन का मुख्य विषय हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक है। सम्मेलन फिजी में डेनाराऊ द्वीप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। हिंदी नाम खुद ही दूसरी भाषा से लिया गया है। यह नाम फारसी शब्द हिंद् से लिए गया है। जिसका अर्थ सिंधु नदी की भूमि से जुड़ा हुआ है। 11वीं शताब्दी के आसपास फारसी बोलने वाले लोगों ने सिंधु नदी के किनारे रहने वाले लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा को हिंदी नाम दिया था। हिंदी भाषा की लिपि देवनागरी लिपि हैं। जिसमें 14 स्वर और 33 व्यंजन सहित 47 प्राथमिक वर्ण हैं। हिंदी दुनिया में चैथी सबसे व्यापक रूप से अपनाई जाने वाली लेखन प्रणाली है। जिसका उपयोग 120 से अधिक भाषाओं के लिए किया जा रहा है। हिंदी एक महत्वूपर्ण भाषा है। विश्व पटल पर यह सिद्ध हो चुका है कि हिंदी भाषा अपनी लिपि और उच्चारण के अनुसार सबसे शुद्ध और वैज्ञानिक भाषा है। हर साल विश्व हिंदी दिवस देश को एक साथ लाता है और हमें हमारी असली पहचान की याद दिलाता है। यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि हम जहां भी जाएं हमें अपनी भाषा, संस्कृति और मूल्यों को अपने साथ रखना चाहिए। हिंदी दिवस हमारे अंदर देशभक्ति की भावना जगाता है। आजकल लोग हिंदी के बजाय अंग्रेजी सीखना पसंद करते हैं क्योंकि यह व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है। अंग्रेजी भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक है। लेकिन हिंदी दिवस अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लगातार याद दिलाता है कि हिंदी हमारी आधिकारिक भाषा है। हिंदी संस्कृत भाषा का वंशज है जो एक प्राचीन भारतीय भाषा है। यह अरबी, फारसी, तुर्की, पुर्तगाली और अंग्रेजी जैसी भाषाओं से प्रभावित है और यह उस भाषा परिवार का हिस्सा है जिसे इंडो-यूरोपीय भाषा परिवार के रूप में जाना जाता है। संविधान के अनुच्छेद 343 के खंड (1) के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी संघ की राजभाषा है। संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा। हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# भारत के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राजनीति

**राजेश माहेश्वरी**

**भ्रष्टाचार** समाज का कैंसर है। खासकर राजनीतिक भ्रष्टाचार। पिछले लगभग दस साल से केंद्र की मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार की बीमारी का इलाज शुरू हुआ है। जांच एजेंसियां जैसे ही किसी भ्रष्टाचारी पर कार्रवाई करती हैं तो वो चिल्लाना शुरू कर देता है। बीमारी पुरानी है तो दवा की डोज भी कुछ बढ़ाकर देना मजूबरी हो जाता है। राजनीतिक दलों के नेताओं ही नहीं भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी मोदी सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। राजनेताओं के भ्रष्टाचार पर जब कार्रवाई होती है तो वो सत्ता पक्ष पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की बात करता है। भ्रष्ट नेता जांच एजेंसी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताता है। भ्रष्टाचार के मामलों की जांच-पड़ताल की बात शुरू होते ही विपक्षी दलों को परेशानी क्यों होती है? खासतौर से कांग्रेस को। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी के दामन पर भ्रष्टाचार का एक भी धब्बा नहीं है, इसलिए उन्होंने जांच एजेंसियों को भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की छूट दे रखी है। जांच एजेंसियों की ताबड़तोड़ कार्रवाईयों से परेशान राजनीतिक दल और नेता अब जांच एजेंसी के अधिकारियों और कर्मचारियों पर हमलावर हो गए हैं। पिछले दिनों ऐसा ही दृश्य पश्चिम बंगाल में देखने को मिला। पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले में राशन घोटाले के संबंध में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं के यहां छापा मारने गए ईडी के दल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ द्वारा हमला कर जरूरी दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाइल, नगदी आदि छीनने के साथ ही उनके वाहनों को भी तोड़ाद्दफोड़ा गया। हमलावर ईंट ,पत्थर और लाठियों से लैस थे। ईडी के अनेक अधिकारी घायल हो गए। उक्त घोटाले को लेकर ईडी द्वारा राज्य के 15 स्थानों पर छापेमारी की गई थी। जिन नेताओं के यहां उक्त वारदात हुई वे लगातार बुलाए जाने पर भी जब नहीं आए तब ईडी द्वारा इस बारे में जिले के पुलिस अधीक्षक से भी संपर्क किया गया किंतु उन्होंने भी कोई सहयोग नहीं किया। ये पहला अवसर नहीं है जब पश्चिम बंगाल में किसी केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ इस तरह का व्यवहार किया गया हो। पांच साल पहले सीबीआई दल चिटफंड घोटाले में कोलकाता के पुलिस कमिश्नर से पूछताछ करने गया तो बजाय सहयोग करने के उस दल के सदस्यों को ही गिरफ्तार कर लिया गया जिसकी गूंज संसद तक में हुई।

# छात्र किताबें पढ़ने में पर्याप्त समय नहीं बिताते

विजय गर्ग

हाल के वर्षों में छात्रों द्वारा किताबें पढ़ने में बिताए जाने वाले समय में गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण प्रौद्योगिकी का बढ़ना और छात्रों के बीच स्मार्टफोन, टैबलेट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का बढ़ता उपयोग है। मनोरंजन और सूचना के विभिन्न रूपों की ऑनलाइन पहुंच के साथ, पारंपरिक पुस्तकों ने कई छात्रों के लिए अपना आकर्षण खो दिया है। किताबें पढ़ने से छात्रों को कई लाभ मिलते हैं। सबसे पहले, यह उनकी शब्दावली और भाषा कौशल को बेहतर बनाने में मदद करता है। पढ़ने के माध्यम से, छात्रों को शब्दों और वाक्य संरचनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला से अवगत कराया जाता है, जो उनके लेखन और संचार कौशल को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, किताबें पढ़ने से विभिन्न विषयों के बारे में उनके ज्ञान और समझ का भी विस्तार होता है। चाहे वह काल्पनिक हो या गैर-काल्पनिक, किताबें छात्रों को विभिन्न विचारों, संस्कृतियों और दृष्टिकोणों का पता लगाने की अनुमति देती हैं। इसके अतिरिक्त, किताबें पढ़ने से आलोचनात्मक सोच और विश्लेषणात्मक कौशल में सुधार करने में मदद मिलती है। इसमें पाठ की सक्रिय भागीदारी और व्याख्या की आवश्यकता होती है, जिससे छात्रों को गहराई से सोचने और सामग्री का विश्लेषण करने के लिए मजबूर किया जा सके।

किताबें छात्रों को विभिन्न परिदृश्यों और पात्रों से परिचित कराती हैं, जिससे उन्हें विभिन्न दृष्टिकोणों पर विचार करने और अपनी राय विकसित करने की अनुमति मिलती है।

किताबें पढ़ने का एक अन्य महत्वपूर्ण लाभ सहानुभूति और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का विकास है। पुस्तकों में पाठकों को पात्रों के जीवन और अनुभवों से परिचित कराने की शक्ति होती है, जिससे छात्र विभिन्न भावनाओं और स्थितियों को समझने और उनसे जुड़ने में सक्षम होते हैं। इससे सहानुभूति बढ़ सकती है और दूसरों के प्रति बेहतर समझ विकसित हो सकती है। इन लाभों के बावजूद, छात्र विभिन्न कारणों से किताबें पढ़ने में कम समय व्यतीत कर रहे हैं। एक प्राथमिक कारक डिजिटल मीडिया की उपलब्धता और लोकप्रियता है। छात्र सोशल मीडिया, वीडियो गेम और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म से आसानी से विचलित हो जाते हैं, जिसमें उनका काफी समय बर्बाद हो सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### गाँव राम नगर और जीतगढ़ की माहिलाओं ने दिया कॉंग्रेस और महेन्द्र कादियान को साथ देने का आश्वासन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कॉंग्रेसी नेता** महेन्द्र कादियान ने अपने जनजागरण अभियान के तहत ग्रामीण पानीपत के गाँव जीतगढ़ और राम नगर का दौरा किया। जहां पर दोनों गाँव के पुरुष और माहिलाओ ने बढ़ -चढ़ के भाग लिया और अपनी समस्याओं के बारे अवगत कराया। महेन्द्र कादियान ने कहा कि हमारी सरकार आने पर आपकी सभी समस्याओ का समाधान किया जाएगा। जो कल्याणकारी योजनाए भाजपा ने बंद कर दी है उनको फिर अमल मे लाया जाएगा, और भी कल्याणकारी योजनाए जो जनता के हित मे होंगी उन्हे चालू किया जाएगा। आगे बताते हुए महेन्द्र कादियान ने कहा इस मौजूद सरकार से जनता तंग आ चुकी है और अबकी बार खुल के कॉंग्रेस को वोट देगी भाजपा सरकार को चलता करने का मन बना चुकी है । सभी बुजुर्ग माहिलाओ ने सिर पर हाथ रख कर साथ देने का आश्वासन दिया । इस मौके पर गाँव के पूर्व सरपंच रोहतास , जोगेन्द्र, कमला कश्यप , सीता कश्यप , कुलदीप , कृष्णा , दीपक, नरेश मेम्बर पंचायत रीना , मुकेश , डॉ पपल मौजूद रहे ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य होता साकार: हरपाल



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत ग्रामीण** से विधान सभा क्षेत्र से विधायक महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के गांव रजापुर व शिमला मौलाना में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हर समस्या का समाधान निश्चित है। लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर सरकार कार्य कर रही है। मुख्य मंत्री मनोहर लाल ने खर्ची व पर्ची पर लगाम काशी है। यह पूरा कार्यक्रम ग्रामीणों को समर्पित है। पूरा प्रशासन लोगों के बीच में पहुंचकर उनकी समस्याओं का निदान करता है। यह कार्यक्रम लोगो के लिए संजीवनी बूटी का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा की पिछले 9 सालों में जो विकास कार्य केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कराए गए हैं उनका हर व्यक्ति को ब्योरा दिया जा रहा है। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य व लक्ष्य को लेकर यह विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह विकसित भारत संकल्प यात्रा वार्ड-वार्ड, गांव-गांव जाकर के लोगों को लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने बताया कि लोग उमंग व उत्साह पूर्वक कार्यक्रमों में शामिल होते हैं व अपने आधार कार्ड, फैमिली कार्ड, राशन कार्ड, बिजली के बिल व अन्य समस्याओं का मौके पर निदान कराते हैं। उन्होंने कहा कि 2047 से पूर्व ही हम विकसित भारत के रूप में पहचाने जाएंगे। चारों दिशाओं में हिंदुस्तान की ताकत का डंका बज रहा है। जी-20 जैसे सफल आयोजन इस बात पर मोहर लगाते हैं कि देश प्रगति के पद पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन विकसित राष्ट्र व विश्व गुरु का सपना साकार होता नजर आ रहा है। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत के संदर्भ में संकल्प शपथ भी दिलाई, स्टालों का अवलोकन किया व ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व अधिकारियों के सहयोग से उसका निदान भी करवाया। इस मौके पर जीएम रोडवेज कुलदीप जांगड़ा, डीडीपीओ सुमित चौधरी, समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुडा, डॉक्टर प्रीति, योगा टीचर रेणु, सरपंच कलजिंदर कोर, सरपंच शिमला मौलाना, सोहन, ब्लॉक समिति चेयरमैन दीपक, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष देव मलिक, कृषि अधिकारी दीपक तवर, डॉक्टर योगेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने मुख्य रास्ते का किया उद्घाटन

## गांव जटवाड़ा से बाईपास तक ग्रामीणों को मिली पक्के रास्ते की सौगात, विधायक सुरेंद्र पंवार ने गांव जटवाड़ा की बेटी के हाथों करवाया गली का उदघाटन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**

विधायक सुरेंद्र पंवार ने गांव जटवाड़ा से गोहाना रोड़ बाईपास तक लिंक करने वाले मुख्य रास्ते को पक्का करवाने के करीब 27 लाख 43 हजार रुपये की लागत से इंटरलॉक टाइल्स के विकास कार्य का शुभारंभ करवाया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने उदघाटन का कार्य गांव की ही बेटी रेखा राणा के हाथों व क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर किया। क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य शुरू करवाने पर विधायक सुरेन्द्र पंवार का फूलमालाओं के साथ स्वागत कर धन्यवाद किया।





विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत विधानसभा के कि प्रत्येक कॉलोनी को विकास कार्यों से चमकाने में कसर नहीं छोड़ रहे है। सोनीपत विधानसभा में अभी तक करोड़ों रुपए के विकास कार्य की सौगात दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि शहर की अधिकांश कालोनियों में पहले सीवरेज, पेयजल व खस्ता हालत गलियों की समस्याएं आती थी, लेकिन जैसी ही देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से विधायक बने। सभी समस्याओं का एक-एक करके समाधान करवाया है। आज शहर की अधिकांश कालोनियों के साथ-साथ शहर की मुख्य सड़के नई बन गई है। सीवरेज व पेयजल समस्या का भी काफी हद तक समाधान हुआ है। शहर के विकास कार्यों के लिए चाहे विधायक कोष से विकास कार्य करवाने की बात हो या फिर नगर निगम या अन्य किसी विभाग से विकास करवाने हो, वह हमेशा ही प्रयासरत्त रहते है। उन्होंने बताया कि विधायक कोष से पहले ही ऋषि नगर, सिक्का कालोनी, वार्ड-17, कैलाश कालोनी, पटेल नगर, गढी ब्राह्मणान, हनुमान नगर, मोहन नगर, दहिया कालोनी सहित अन्य स्थानों पर करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी गई है। गांव जटवाड़ा से गोहाना रोड़ बाइपास तक यह मुख्य रास्ता काफी समय से कच्चा पड़ा हुआ था, ग्रामीणों ने इस मार्ग के बारे में जैसे ही उन्हें अवगत करवाया था।

इसके तुरंत बाद मौके पर पहुंचकर पक्का करवाने का एस्टीमेंट बनवाया और विधायक कोष से कार्य करवाने की अनुशंसा भेज दी गई थी। नगर निगम द्वारा टेंडर लगाकर कार्य एजेंसी को आवंटित कर दिया गया है। करीब 27 लाख 43 हजार की लागत से मुख्य रास्ते को एक माह के अंदर इंटरलॉक टाइल्स से पक्का करवा दिया जाएगा।

### आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का: महिपाल

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**नांगल** खेड़ी स्थित विकास नगर में कांग्रेस पार्टी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के निर्देश से हरियाणा में चलाए जा रहे कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत महिपाल सूबेदार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है भूपेंद्र सिंह हुड्डा का है इस सरकार से लोगों का मोह भंग हो चुका है। और इसको बदलने का आम जन ने मन बना लिया है भूपेंद्र सिंह हुड्डा का पिछला 10 साल का शासन लोग आज भी याद करते हैं और दोबारा से कांग्रेस का राज देखना चाहते हैं। क्योंकि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में चाहे वह किसान वर्ग चाहे मजदूर वर्ग, दलित, कर्मचारी, छोटा दुकानदार , छोटा व्यापारी , हर वर्ग का भला करने का काम हुड्डा ने किया।

# स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास और प्राणायाम किया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**राजकीय आदर्श** संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन रहा। सुबह के सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने सूर्य नमस्कार के साथ-साथ योगाभ्यास के साथ साथ प्राणायाम भी किया। आज मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय सेना के रिटायर्ड सूबेदार रविंद्र कौशिक ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सचिंद्र कोड़ा ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि महोदय का स्वागत किया। मुख्य अतिथि महोदय ने इस शिविर में भाग ले रहे सभी स्वयंसेवकों को अनुशासन सहित अपना जीवन जीने की प्रेरणा दी



और कहा कि अनुशासन से ही ऐक उत्तम चरित्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन में आत्म विश्वास बहुत महत्वपूर्ण होता है जो हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करता है। इसके साथ साथ हमें अपना मानसिक संतुलन बनाए रखना चाहिए चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थितियां आ जाएं। तभी हम इस प्रतियोगिता से भरे हुए संसार में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने यह भी बताया कि जिस तरह एक सैनिक को अपनी वर्दी के प्रति स्नेह होता है वैसे ही एक स्वयंसेवक को भी अपनी यूनिफॉर्म के प्रति होना चाहिए। अंत में उन्होंने देश के लिए त्याग और समर्पण की बात कही। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री अनिल अत्री जी ने मुख्य अतिथि महोदय का धन्यवाद किया। इस अवसर पर श्री बंशीलाल जी के साथ साथ समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### जगबीर जोगनाखेड़ा ने आम आदमी पार्टी को कहा अलविदा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) आम आदमी** पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है पार्टी के कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष ने पार्टी को पार्टी को छोड़ने की घोषणा कर दी है कि जिस समय जगबीर जोगन खेड़ा ने पार्टी को छोड़ने की घोषणा की पार्टी को छोड़ने की घोषणा की उस समय कुरुक्षेत्र में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सुशील गुप्ता,राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ संदीप पाठक और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा कुरुक्षेत्र में ही मौजूद थे। जगबीर जोगन खेड़ा ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर पार्टी छोड़ने की घोषणा की। पार्टी में कुछ वरिष्ठ नेताओं की तानाशाही बताया। जगबीर जोगनाखेड़ा के पार्टी छोड़ने से कुरुक्षेत्र जिले में आम आदमी पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है। जिसकी भरपाई करना पार्टी आलाकमान के लिए बड़ा मुश्किल होगा। क्योंकि जिस प्रकार पिछले कई महीनो से पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को जगबीर जोगनाखेड़ा बड़ी गंभीरता और कुशलता से संभाले हुए थे। ऐसे में उनके द्वारा उन अभियानों पर ब्रेक लगेगी। वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं में मायूसी देखने को मिली है। अब इन पार्टी कार्यकताओं को फिर से जोड़ना और अभियानों को दोबारा से चलाना के लिए बड़ी चुनौती साबित होगी।

# गांव बुढपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा , (कुलदीप सिंहे)**

**विकसित भारत** संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव बुढनपुर पहुंची। इसमें भाजपा नेता विनोद छोकर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की मोदी वाली गारंटी वैन जो गांव में पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफी हद तक प्रयास किया है की जो हमारा विकसित भारत का संकल्प है वह बहुत जल्द पूरा हो।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले 5 साल तक सभी गरीब लोगों का राशन फ्री कर दिया है और आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लख रुपए तक की स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि वर्षों से चला आ रहा राम मंदिर का मुद्दा भी अब समाप्ति की ओर है और 22 जनवरी को श्री राम मंदिर जी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना तय हुआ है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन युद्ध के समय में युद्ध रुकवा कर अपने भारत वासियों को वहां से निकलवाया। यह भी एक सराहनीय कदम रहा है।

विनोद छोकर ने कहा कि चाहे किसान सम्मान निधि हो,चाहे आयुष्मान कार्ड हो, चाहे फैमिली आईडी हो सब काम आमजन के लाभ के लिए किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन 9 सालों में सभी फसलों का दाम 3 गुना बढ़ाने का कार्य किया है। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल ईमानदार और दूर की सोच रखने वाले मुख्यमंत्री हैं। आज मेरिट के आधार पर हरियाणा में नौकरियां दी जाती हैं उज्वला के तहत फ्री गैस कनेक्शन प्रदान किए जाते हैं।

# स्वास्थ्य जांच और नि:शुल्क दवाई वितरण शिविर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

स्वास्थ्य विभाग हरियाणा ज़िला प्रशासन पानीपत और ग्राम पंचायत बडोली की ओर से बडोली के सरकारी अस्पताल में प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक स्वास्थ्य जाँच और निःशुल्क दवाई वितरण शिविर लगाया गया । इस शिविर के मुख्य अतिथि गाँव बडोली के सरपंच सोनू आर्य रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत जिस परिवार की वार्षिक आये एक लाख अस्सी हजार रुपये वार्षिक तक है उस परिवार का आयुष्मान कार्ड निःशुल्क तथा जिस परिवार की वार्षिक आये तीन लाख रुपये तक है उस परिवार को 1500 रुपये वार्षिक शुल्क के साथ पाँच लाख रुपये तक वार्षिक स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया जा रहा है। लोगों को सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाना चाहिए।

# वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के छात्र राखीगढ़ी के हड़प्पाकालीन स्थल का अन्वेषण करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

सोनीपत स्थित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के सात छात्रों और तीन प्रोफेसरों का एक समूह राखीगढ़ी के प्रसिद्ध हड़प्पा पुरातात्विक स्थल का पता लगाने के लिए हिसार की दो दिवसीय यात्रा पर है। इस भ्रमण का आयोजन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फैशन द्वारा अपने पर्यावरण अध्ययन मॉड्यूल के हिस्से के रूप में किया गया है। छात्रों के साथ प्रोफेसर देवेंदर सिंह खर्ब, अंबिका मगोत्रा और एस चंदन भी हैं। समूह का लक्ष्य राखीगढ़ी के आवास और पारिस्थितिकी तंत्र की प्रत्यक्ष समझ प्राप्त करना और स्थानीय समुदाय



और संस्कृति के बारे में अंतर्दृष्टि प्राप्त करना है। छात्रों के साथ आए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के स्कूल ऑफ फैशन के डीन, देवेंदर सिंह खरब ने कहा, राखीगढ़ी एक पुरातात्विक आश्चर्य है, जो 4600-3300 ईसा पूर्व का है। यह एकमात्र स्थान है जहां पूर्व, मध्य और उत्तर हड़प्पा युग के अवशेष एक ही स्थान पर एकत्रित हुए हैं। यह जटिल संरचनाओं, सड़कों और जल निकासी प्रणालियों वाला एक शहरी केंद्र भी है। हालाँकि, अपने विशाल ऐतिहासिक महत्व के बावजूद, राखीगढ़ी को अक्सर नजरअंदाज किया जाता रहा है। इसने हमें अपने पर्यावरण अनुसंधान के लिए साइट चुनने के लिए प्रेरित किया। इसका उद्देश्य डिजाइन परिप्रेक्ष्य के माध्यम से छात्रों के बीच नवाचार और रुचि जगाने के लिए इसकी आकर्षक विरासत का पता लगाना है। हम न केवल साइट के इतिहास के बारे में सीख रहे हैं बल्कि इसे पर्यटन स्थल के रूप में और अधिक आकर्षक बनाने के लिए रचनात्मक विचारों के साथ आने का भी प्रयास करेंगे।

# 500 बच्चों को गर्म सूट व 200 महिलाओं को गर्म शॉल वितरित की

## जरूरतमंदों को गर्म कपड़े व शाल का वितर□कर बहुत ही सराहनीय कार्य: विजन जैन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**समाज सेवा** संगठन ने हरी सिंह स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के सभागार में 500 बच्चों को गर्म सूट व 200 महिलाओं को गर्म शाल वितरित की। जिसमें मुख्य अथिति समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद विजय जैन रहे। उन्होंने कहा समाज सेवा संगठन ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े व शाल का वितरण कर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। ठंड के इस मौसम में संगठन जरूरत मंद के लिए मसीहा बन गया है। हम सबको ऐसे संगठन का यथा संभव सहयोग करना चाहिए। विजय जैन ने कहा कि समय पर की गई सहायता



भगवान की भक्ति के बराबर होती है। आजकल पड़ रही कड़ाके की ठंड में गरीब आदमी को सर्दी के बचने के लिए गर्म कपड़ों की आवश्यकता खाने से भी अधिक है। वहीं संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि समाज सेवा संगठन की ओर से लगातार जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देने के लिए दान और लेने के लिए ज्ञान, त्यागने के लिए अभिमान की राह पर समाज सेवा संगठन चल रहा है। जैन ने कहा संगठन की कोशिश रहती हैं कि ज्यादा से ज्यादा जरूरत मंद की सेवा की जाए। संगठन समय समय पर स्कूल में झुग्गी झोपड़ी में स्लिम बस्तियों में गर्म कपड़े वितरण आभियान चलाता रहता है। इस मौके पर श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा की ओर से चेयरमैन विनोद पांचाल व कोषाध्यक्ष राजकुमार पांचाल ने मुख्य अतिथि विजय जैन व संगठन के प्रधान प्रवीण जैन का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने मुख्य अतिथि विजय जैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# साधु-संत सच्चे मन से तपस्या करते हैं तो क्षेत्र में शांति प्राप्त होती है: देवेंद्र

## तेवड़ी में बाबा अमृत नाथ की 41 दिन की जलधारा तपस्या के समापन पर लगाया विशाल भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**गांव तेवड़ी** स्थित बाबा होक्मी नाथ डेरा के संचालक बाबा अमृत नाथ ने पांच गांव के संयुक्त तत्वाधान में 41 दिन तक कड़कड़ाती सर्दी में 108 मटकों के ठंडे पानी से जलधारा तपस्या संपन्न की। मंगलवार को जलधारा तपस्या के समापन पर डेरे में हवन यज्ञ कर विशाल भंडारा लगाया गया। जिसमें काफी तादाद में श्रद्धालुओं ने बाबा अमृत नाथ से आशीर्वाद लेने के साथ ही प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र



कादियान ने शिरकत की। उन्होंने हवन में आहुति देकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। कादियान ने कहा कि साधु-संत अगर सच्चे मन से तपस्या करते है तो क्षेत्र में

**सम्मान**

**8 मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान का आयोजकों ने फूलमाला से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया**

सुख-समृद्धि एवं शांति प्राप्त होती है। ऋषि-मुनि प्राचीन काल से ही तप व जलधारा तथा अन्य तपस्याएं करके समाज कल्याण के लिए बड़े-बड़े कष्ट उठा चुके है। तब जाकर भगवान ने ऐसे महान संतों को वचन देकर समाज में शांति एवं समृद्ध लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से मन को जहां शंति मिलती है वहीं सच्चे मार्ग पर चलने कर प्रेरणा भी मिलती है। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान का आयोजकों ने फूलमाला से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कादियान ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी अपनी राह से भटक रहा है। इस परिस्थिति में गांव-गांव में धार्मिक आयोजन होने से उनमें सुधार हो सकता है। इसके लिए युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# पियर्सन बीटीईसी ने बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस से मिलाया हाथ

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

दुनिया की जानी–मानी शिक्षण कंपनी पियर्सन ने शिक्षार्थियों को पियर्सन के बीटीईसी पाठ्यक्रमों की पेशकश करने के लिए करनाल के एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान 'बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस' के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी से बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बीटीईसी हायर नेशनल्स (एचएन) आर्ट एंड डिजाइन और बिजनेस मैनेजमेंट कोर्स शुरू किए जाएंगे। पियर्सन बीटीईसी वोकेशनल स्किल क्वॉलिफिकेशन प्रोग्राम हैं। विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों में विविध प्रकार की योग्यताएं प्रदान करने वाले यह प्रोग्राम उद्योग विशेषज्ञों के परामर्श से विकसित किए गए हैं। पियर्सन के बीटीईसी उच्च नागरिक कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हायर एजुकेशन क्वॉलिफिकेशंस हैं जो विश्वविद्यालय की डिग्री के पहले और दूसरे वर्ष के बराबर हैं। इनमें एसेसमेंट और असाइनमेंट के लिए वास्तविक जीवन से जुड़ी स्थितियों को शामिल किया गया है। भारत में 30 से ज्यादा साझेदारों की मदद से यह प्रोग्राम पेश किए जा रहे हैं।

पियर्सन इंडिया के इंटरनेशनल सेल्स डायरेक्टर सिद्धार्थ पारनेरकर ने कहा, 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, भारत 2025 तक स्कूल और उच्च शिक्षा प्रणाली में कम से कम 50% शिक्षार्थियों को शामिल करने का लक्ष्य रखते हुए व्यावसायिक शिक्षा का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के साथ हमारा सहयोग इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है यानी व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करना जो उभरते नौकरी बाजार के अनुरूप हों। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य शिक्षार्थियों को आज के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में सफलता के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल और वैश्विक दृष्टिकोण से लैस करना है।

# वक्फ बोर्डः ईडी ने पांच हजार पेज की चार्जशीट दाखिल की

## ईडी के मुताबिक आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने अज्ञात स्रोतों से अर्जित संपत्ति से जमीन खरीदी और बेची

**शिकंजा**

**8 ईडी के मुताबिक ये मामला 13 करोड़ 40 लाख रुपये की जमीन बिक्री से जुड़ा हुआ है**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कोर्ट में** दाखिल करीब पांच हजार पेज की चार्जशीट में ईडी ने जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दीकी और जीशान हैदर को आरोपित बनाया है। ईडी ने पार्टनरशिप फर्म स्काई पावर को भी आरोपित बनाया है। ईडी के मुताबिक ये मामला 13 करोड़ 40 लाख रुपये की जमीन बिक्री से जुड़ा हुआ है। ईडी के मुताबिक आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने अज्ञात स्रोतों से अर्जित संपत्ति से जमीन खरीदी और बेची। कौसर इमाम सिद्दीकी की डायरी में 8 करोड़ रुपये की एंट्री की गई है। जावेद इमाम को ये संपत्ति सेल डीड के जरिए मिली। जावेद इमाम ने ये संपत्ति 13 करोड़ 40 लाख में बेची। जीशान हैदर ने इसके लिए जावेद को नकद राशि दी। कोर्ट जीशान हैदर को छोड़कर इस मामले के तीन आरोपितों की जमानत याचिका पर 11 जनवरी को सुनवाई करेगा।

## स्मॉग टावर स्थापित करने में भ्रष्टाचार, होनी चाहिए जांचः रामवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार राजधानी में प्रदूषण पर नियंत्रण करने में नाकाम रही है। प्रदूषण रोकथाम के नाम भ्रष्टाचार किया गया।

वेतन न मिलने के कारण स्मॉग टावर को कर्मचारियों ने ही बंद कर दिया है। दिल्ली में पिछले ढाई महीने में एक भी दिन दिल्ली को स्वच्छ हवा नहीं मिल पाई।

**पिछले साल अप्रैल में भी कर दिया गया था बंदः** उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस स्मॉग टावर का उद्घाटन 2021 में बड़े जोर-शोर से किया था।

23 करोड़ की लागत से बने इस स्मॉग टावर के प्रचार पर भी काफी राशि खर्च की गई थी। पिछले साल अप्रैल में भी यह बंद कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद दिल्ली सरकार ने इसे फिर से चालू किया था, लेकिन अब दिसंबर का वेतन न दिए जाने के कारण कर्मचारियों ने काम करने से इनकार कर दिया और टावर बंद कर दिया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार केवल प्रचार के लिए इस तरह की हवाई योजनाएं बनाती है और उसमें नियम कानून का पालन नहीं किया जाता है।

## दिल्ली में छठे दिन भी चला एमसीडी का बुलडोजर

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह से अवैध निर्माण के खिलाफ शुरू हुआ निगम का अभियान छठे दिन भी जारी रहा। खेतों में घर बनाकर कॉलोनियों काटने वालों के खिलाफ निगम ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की है। बाहरी दिल्ली से दक्षिणी दिल्ली, मध्य दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में अवैध निर्माण को लेकर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। साथ ही जरुरत के हिसाब से निगम ने सीलिंग की कार्रवाई भी की। निगम के अनुसार, अभी एक हजार के करीब स्थानों पर संपत्तियां चिह्नित कर रखी है। जिनके खिलाफ तोड़-फोड़ का अभियान जारी रहेगा। दिल्ली नगर निगम ने दक्षिणी क्षेत्र के वार्ड नंबर 158 फतेहपुर बेरी के डेरा मांडी इलाके में तीन अवैध निर्माण ध्वस्त किए।

# वांछित कुख्यात प्रिंस तेवतिया गिरोह का बदमाश गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात प्रिंस तेवतिया गिरोह के फरार बदमाश तरनजीत सिंह उर्फ गिन्नी को गिरफ्तार किया है। यह दिल्ली कैंट के फॉर्च्यूनर कार लूटने के मामले में वांछित था। तरनजीत सिंह पहले पकड़ी बांधता था। पकड़े जाने से बचने के लिए उसने बाल कटवा लिए थे। डीसीपी आलोक कुमार के मुताबिक तरनजीत सिंह, गांव नूरपुरा, फतेहगढ़, पंजाब का रहने वाला है। वह पंजाब के उद्योग विहार, फेज-सात, सेक्टर 35 में परिवार के साथ छिपकर रह रहा था। पांच जनवरी को उसे गुरूग्राम, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया।

**2022 से था फरारः** वारदात के बाद 2022 से तरनजीत सिंह फरार था। स्पेशल सेल को फरार अपराधी तरनजीत सिंह के बारे में सूचना मिली थी कि वह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में अपने ठिकाने बदल रहा था। तीन माह से अधिक के अथक प्रयास के बाद पुलिस टीम ने तरनजीत सिंह को गुरुग्राम से दबोच लिया।

**प्रिंस तेवतिया की पिछले साल हुई हत्याः** तरनजीत सिंह, प्रिंस तेवतिया गिरोह का सक्रिय सदस्य है। प्रिंस की पिछले साल तिहाड़ जेल में उसके प्रतिद्वंद्वी गिरोह ने बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस गिरोह के सदस्य दक्षिण दिल्ली में मारपीट, अपहरण, जबरन वसूली, डकैती, चोट पहुंचाने, आपराधिक धमकी आदि कई मामलों में शामिल हैं।

# दुर्गेश ने आग पीड़ितों को पहुंचाई राहत

**मदद**

**8 विधायक ने तुरंत सभी पीड़ितों के लिए खाना, सोने के लिए गद्दे-रजाई, पानी आदि की व्यवस्था कराई**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
विधानसभा राजेंद्र नगर के लोहा मंडी नेपाली पार्क में दो दिन पहले आग लगने से वहां बसे लोगों की झुग्गियां उजड़ गईं। दमकल विभाग एवं स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। विधायक दुर्गेश पाठक ने तुरंत सभी पीड़ितों के लिए खाना, वाटरप्रूफ टेंट, सोने के लिए गद्दे-रजाई, पानी आदि की व्यवस्था कराई। दुर्गेश पाठक ने अपने बयान में कहा कि लोहा मंडी के नेपाली पार्क में बहुत ही दुखद घटना हुई है। आग लगने की खबर मिलते ही हम सब घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ितों से मिले। ऐसे में पूरी रात हमने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पीड़ितों के रहने और खाने का इंतजाम किया।

# 24 घंटे में जारी होगा स्मॉग टावर कर्मियों का वेतन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने स्मॉग टावर को एक बार फिर बंद करने पर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के चेयरमैन अश्विनी कुमार को कड़ी फटकार लगाते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट की अवमानना बताया है। साथ ही प्रमुख सचिव (पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव) को 24 घंटे के भीतर कर्मचारियों का वेतन जारी करने का निर्देश दिया, जिससे स्मॉग टावर पुनः चालू हो जाए। स्मॉग टावर पर तैनात कर्मियों के वेतन का भुगतान न होने के मुद्दे पर मंत्री गोपाल राय ने प्रमुख सचिव को एक पत्र भी भेजा है, जिसमे उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। मंत्री गोपाल राय ने यह सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं कि भविष्य में सभी भुगतान समय पर जारी किए जाएं, ताकि स्मॉग टावर के संचालन में कोई व्यवधान न हो। डीपीसीसी चेयरमैन को विभाग द्वारा कर्तव्यों के प्रति बरती गई लापरवाही पर 48 घंटों के भीतर (यानी बुधवार तक) एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया है।

**निर्देश**

**8 पुलिस ने घायल युवक एम डी लड्डू (21) और इसके रिश्तेदार मंजूर (45) को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया**



एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि सरकारी नौकरी सिर्फ परिवार चलाने का साधन नहीं बल्कि देश सेवा का भी अवसर है। प्रतिवर्ष लाखों युवा सरकारी नौकरी पाने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं, लेकिन उनमें से कुछ ही लोग ही ऐसे भाग्यशाली होते हैं जिनका नौकरी के लिए चयन होता है।

# 'पूर्व विधायकों के खिलाफ भी एमपी-एमएलए कोर्ट कर सकती है सुनवाई'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि विधानसभा के पूर्व सदस्यों के खिलाफ भी एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट सुनवाई कर सकती है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने पूर्व विधायक और भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया, जिसमें उन्होंने खुद को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट की ओर से ट्रायल करने के आदेश को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान मनजिंदर सिंह सिरसा की ओर से वकील आरके हांडु ने कहा कि स्पेशल कोर्ट गठित करने के पीछे उद्देश्य था कि वर्तमान विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों की तेजी से सुनवाई हो। इस कोर्ट का क्षेत्राधिकार उन नेताओं के खिलाफ नहीं हो सकता, जिनकी विधानसभा सदस्यता खत्म हो चुकी हो। हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के अश्विनी कुमार उपाध्याय के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि स्पेशल कोर्ट वर्तमान या पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई कर सकती है। हाई कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में ऐसा कहीं नहीं कहा कि स्पेशल कोर्ट केवल वर्तमान सांसद या विधायक के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान ही दर्ज मामले की सुनवाई कर सकती है। दरअसल, मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ मनजीत सिंह जीके ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में आपराधिक अवमानना याचिका दायर की है। मनजीत सिंह जीके ने सिरसा के अलावा हरमीत सिंह कालका और जगदीप सिंह कहलोन को आरोपित बनाया है।

**सवाल**

**8 इस कोर्ट का क्षेत्राधिकार उन नेताओं के खिलाफ नहीं हो सकता, जिनकी विस सदस्यता खत्म हो चुकी हो**

# ईडी ने लैंड फॉर जॉब मामले में चार्जशीट दाखिल की



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)** ने लैंड फॉर जॉब मामले में आज राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। कोर्ट इस पर 16 जनवरी को विचार करेगा। ईडी ने चार्जशीट में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के अलावा मीसा भारती, हिमा यादव, ह्रदयानंद चौधरी और अमित कात्याल को आरोपित बनाया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी को चार्जशीट की ई-कॉपी भी दाखिल करने का निर्देश दिया है। ईडी हाल ही में अमित कात्याल को गिरफ्तार कर चुकी है। लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी से पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई का मामला भी इसी कोर्ट में विचाराधीन है। सीबीआई से संबद्ध मामले में कोर्ट ने चार अक्टूबर, 2023 को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को जमानत प्रदान की थी। कोर्ट ने 22 सितंबर, 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। तीन जुलाई, 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 27 फरवरी, 2023 को इन तीनों समेत सभी आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। इससे पहले सात अक्टूबर, 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में सीबीआई ने भोला यादव और ह्रदयानंद चौधरी को गिरफ्तार किया था। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे। लैंड फॉर जॉब घोटाला लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। भोला यादव को ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन देने के लिए कहा जाता था। नौकरी के बदले जमीन देने के काम को अंजाम देने का काम भोला यादव को सौंपा गया था।

**प्रक्रिया**

**8 मामले में सीबीआई ने लालू, राबड़ी और मीसा समेत 16 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया**

# पुलिस के दो अधिकारियों की सड़क हादसे में मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस के** दो अधिकारियों की हरियाणा के सोनीपत जिले में कुंडली सीमा के पास सोमवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई । दोनों अधिकारी कार से जा रहे थे। उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार सुबह हादसे की पुष्टि की। दिल्ली पुलिस के अनुसार, यह हादसा रात करीब साढ़े 11 बजे हुआ। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान उत्तर पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ में तैनात निरीक्षक दिनेश बेनीवाल और आदर्श नगर थाने में तैनात एटीओ निरीक्षक रणवीर के रूप में हुई है। दोनों एक निजी कार से सोनीपत स्थित अपने-अपने घर लौट रहे थे। हरियाणा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक की जांच से लग रहा है कि दोनों की कार एक खड़े हुए ट्रक से टकरा गई। कोहरे के कारण ट्रक नजर नहीं आया होगा।

**मृतकों की पहचान**

**8 निरीक्षक दिनेश बेनीवाल और आदर्श नगर थाने में तैनात एटीओ निरीक्षक रणवीर के रूप में हुई है**

# दोहरी मुसीबत का सामनाः ठंड के बीच दिल्ली-एनसीआर में बारिश का अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पहाड़ों पर बर्फबारी** से दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड बढ़ गई है। अब दिल्ली-एनसीआर के लोगों को दोहरी मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश का अनुमान जताया है। ताजा जानकारी के मुताबिक, आज दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**पंजाब के कुछ हिस्सों में बारिश का अनुमानः** वहीं, पंजाब के कुछ हिस्सों में सोमवार और मंगलवार को हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। बता दें कि दिल्ली में पहले आठ जनवरी को हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि, मौसम विभाग ने अब मंगलवार यानी नौ जनवरी को हल्की बारिश का अनुमान लगाया है।

**दिल्ली में बारिश के बाद मिलेगी** थोड़ी बढ़ोत्तरी का भी अनुमान है। इससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। आईएमडी के अनुसार अगले छह दिनों तक दिल्ली-एनसीआर में न्यूनतम तापमान नौ से 10 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। वहीं, गौतमबुद्धनगर सहित पश्चिमी यूपी में 10 जनवरी से लंबे इंतजार के बाद दिन में अच्छी धूप रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार सर्द दिन और कोहरे की यह स्थितियां 24 घंटे तक और बने रहने के आसार हैं।



**राहतः** बारिश के बाद दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदलेगा। ऐसे में तापमान में

# सज्जन कुमार के खिलाफ सुनवाई 31 के लिए टली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट** ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के एक मामले में आरोपित और पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने मामले की अगली सुनवाई 31 जनवरी को करने का आदेश दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से कोई सरकारी वकील पेश नहीं हुआ। इसकी वजह से सुनवाई टाली गई। इसके पहले कोर्ट ने 30 नवंबर को बचाव पक्ष की ओर से साक्ष्य बंद कर दिया था।

इस मामले में एक नवंबर को सज्जन कुमार ने अपना बयान दर्ज कराया था। सज्जन कुमार इस मामले में जमानत पर हैं। कोर्ट ने 27 अप्रैल, 2022 को इस मामले में जमानत दी थी। 19 अप्रैल, 2022 को अभियोजन पक्ष के दो गवाहों सरबजीत सिंह बेदी और दिलीप कुमार ओहरी ने अपने बयान दर्ज कराए थे। कोर्ट में 93 वर्षीय गवाह डीके अग्रवाल के बयान की सील बंद प्रति कोर्ट में पेश की गई थी। अग्रवाल का बयान कड़कड़डूमा कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किया गया था। 29 मार्च, 2022 को कोर्ट ने डीके अग्रवाल की बीमारी और उनकी ज्यादा उम्र को देखते हुए उनके बयान उनके घर पर ही दर्ज कराने का आदेश दिया था। मामला एक नवंबर, 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। शाम को करीब चार-साढ़े चार बजे दंगाइयों की भीड़ ने पीड़ितों के राज नगर इलाके में स्थित घर पर लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक इस भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस के सांसद थे।

**सिख दंगा**

**8 सज्जन कुमार इस मामले में जमानत पर हैं। कोर्ट ने 27 अप्रैल, 2022 को इस मामले में जमानत दी थी**

## अपलोड होने के बाद नहीं की जा सकती नंबरों में सुधार की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
छात्र के आतंरिक मूल्यांकन अंक से जुड़े एक मामले पर दिल्ली हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि एक बार जब कोई स्कूल किसी छात्र के आंतरिक मूल्यांकन अंक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की वेबसाइट पर अपलोड कर देता है, तो वह अंक अपलोड करते समय कोई त्रुटि होने पर भी कोई सुधार नहीं मांग सकता है। अगर स्कूलों को सीबीएसई की वेबसाइट पर छात्रों के अंक अपलोड करते समय त्रुटियां करने की अनुमति दी जाती है और इसके बाद बोर्ड को अपने स्तर पर दिए गए अंकों को सही करने के लिए कहा जाता है तो इससे अराजकता होगी।

# कुकर्म का विरोध करने पर बेल्ट से पिटाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मध्य** जिला के करोलबाग इलाके में 11 साल के बच्चे के साथ एक व्यक्ति द्वारा हैवानियत करने का मामला सामने आया है। आरोपित, पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे के साथ बंद पड़ी एक सरकारी डिस्पेंसरी में कुकर्म करता था और विरोध करने पर उसकी बेल्ट से पिटाई भी करता था। कई बार उसे जबरन सिगरेट भी पिलाता था।

**खून से लथपथ मासूम ने घरवालों को बताई आपबीतीः** स्वजन से शिकायत करने की बात कहने पर आरोपित उसे जान से मार डालने की धमकी भी देता था। 27 दिसंबर को खून से लथपथ मासूम ने अपने घर पहुंचकर जब स्वजन को घटना के बारे में बताया तब उसे पहले उपचार के लिए एक नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार होने के बाद स्वजन ने पुलिस में शिकायत की। करोलबाग थाना पुलिस ने आरोपित बंसीलाल उर्फ पप्पू के खिलाफ मारपीट, अपहरण, कुकर्म व पॉक्सो की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। तीस हजारी कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपित को तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक पीड़ित बच्चा अपने परिवार के साथ करोलबाग इलाके में रहता है और पास के एक सरकारी स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ता है।

क्या है पूरा मामला?
27 दिसंबर की रात पीड़ित बच्चा जब घर आया तब उसकी पेंट से खून बह रहा था। स्वजन ने जब उसे नजदीकी डॉक्टर को दिखाया तब कुकर्म किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।



**हैवानियत**


**8 वजन से शिकायत करने की बात कहने पर आरोपित उसे जान से मार डालने की धमकी भी देता था**

# 'नांगल चौधरी शहर का बाईपास रोड मंजूर'

## नांगल चौधरी नगरपालिका क्षेत्र में लगेंगी स्ट्रीट लाइट, शहर के मुख्य मार्गों पर बनेंगे स्वागत द्वार

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नांगल चौधरी**

**नांगल** चौधरी नगरपालिका क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कामों की प्रक्रिया ने गति पकड़ी है। नांगल चौधरी निजामपुर रोड को नांगल चौधरी ढाणी ठाकरान शहबाजपुर सड़क से मिलाने के लिए सरकार ने 2.39 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट कंक्रीट की सड़क के निर्माण की मंजूरी प्रदान की है। इसके साथ ही शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने एवं शहर की मुख्य सड़कों पर स्वागत द्वार बनाने की दिशा में भी काम हो रहा हैं। नांगल चौधरी के विधायक डॉक्टर अभय सिंह



यादव ने इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि निजामपुर रोड पर कृष्णावती नदी के साथ साथ अब नांगल चौधरी निजामपुर सड़क को ढाणी

**मंजूरी**

**8 2.39 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट कंक्रीट की सड़क के निर्माण की मंजूरी प्रदान की है**

ठाकरान नांगल चौधरी सड़क से मिलाने के लिए सीमेंट की सड़क रिटेनिंग वाल के साथ बनाने की मंजूरी सरकार से प्राप्त हो चुकी है। यह सड़क बनने के बाद नौलायजा, भेडंटी, ढाणी जाजमा एवं दोस्तपुर आदि गांवों से आने वाले लोगों को नांगल चौधरी के बीच से तंग गलियों से गुजरना नहीं पड़ेगा। यह सड़क सीधे निजामपुर सड़क पर पहुंचा देगी एवं शहर के बीच से वाहनों की आवाजाही कम होगी। आवासीय क्षेत्रों में वाहनों की वजह से होने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा। एक तरह से यह सड़क शहर के बाईपास का काम करेगी। इसके साथ ही नगरपालिका में सभी जगह स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए लगभग 6 करोड़ रुपए का एस्टिमेट तैयार करके सरकार को भेजा जा रहा है एवं इसकी मंजूरी के बाद शहर में स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि शहर के चारों मुख्य मार्गों नारनौल रोड, निजामपुर रोड, कोटपूतली रोड तथा बहरोड़ रोड पर स्वागत द्वार बनाने के लिए 40 लाख रुपये की राशि सरकार से प्राप्त हो चुकी है तथा इसकी टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसका निर्माण भी शीघ्र किया जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र में सीवर लाइन की व्यवस्था को पूरी तरह से सुरक्षित तथा निर्बाध बनाने के लिए जल संशोधन संयंत्र का निर्माण अगले दो महीने में पूरा कर लिया जाएगा तथा इससे सीवर का पानी भी संशोधित होकर कृषि के काम में लिया जा सकेगा। उपमंडल का दर्जा प्राप्त होने के बाद सभी सुविधाएं विकसित की जाएंगी और यथा शीघ्र उपमंडल सचिवालय एवं सार्वजनिक विश्रामगृह बनाने का प्रस्ताव भी सरकार के पास भिजवाया जाएगा।

# आरोपी पुलिसकर्मी को कोर्ट में किया पेश

**काबू**

**8 रिश्वत के आरोप में अपने ही विंग के इंस्पेक्टर सोमेश तथा ईएचसी अशोक कुमार को गिरफ्तार किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** में एंटी क्रप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वत के आरोप में अपने ही विंग के इंस्पेक्टर सोमेश तथा ईएचसी अशोक कुमार को गिरफ्तार किया है और इस कार्रवाई के बाद बड़ी मछलियां भी एसीबी के हत्थे चढ़ सकती हैं। ऐसा भी माना जा रहा है कि रिश्वतखोरी में बड़े अधिकारियों से लेकर निचले स्तर तक कर्मियों की जेबें गर्म होती हैं। लेकिन जब किसी पर गाज गिरने की बात आती है तो किसी तरह बड़े अधिकारी खुद को बचा लेते



हैं और निचले स्तर का स्टाफ कानून के घेरे में आ जाता है।

एसीबी प्रवक्ता के अनुसार सोमेश तथा अशोक कुमार एसीबी की पूछताछ में बड़े खुलासे कर सकते हैं। हरियाणा एसीबी को शिकायत मिली थी कि एसीबी के दो कर्मचारी एक शिकायतकर्ता से उसकी शिकायत फाइल करने के बदले एक लाख रुपए रिश्वत की मांग रहे हैं। प्रवक्ता के अनुसार सभी तथ्यों की बारीकी से जांच के बाद सोमेश और अशोक कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इस मौके पर गवाह भी मौजूद रहे। यानी एसीबी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के मागदर्शन में पूरी पारदर्शिता के साथ गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। मामले में ब्यूरो के अंबाला पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।

## न्यूज फ्लैश

### डिपो होल्डर्स की हड़ताल, नहीं मिल रहा राशन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** विभिन्न मांगो को लेकर डिपो संचालकों की हड़ताल लगातार जारी है। डिपों संचालकों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगो की ओर कोई कार्रवाई नहीं करती तब तक वे अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। गौरतलब है कि जिले में 186277 राशन कार्ड धारक है। जिनमें से अधिकतर लोग प्रत्येक माह सरकारी दुकान से राशन लेते है। अम्बाला शहर की बात करें तो यहां पर 42 हजार राशन कार्ड बने हुए है। अधिकतर लाभपात्रों के घरों में सरकारी डिपू से ही राशन आता है। ऐसे में अब डिपो संचालकों की हड़ताल का सीधा असर गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। जिसके कारण उन्हे भारी आर्थिक हानि भी उठानी पड़ रही है। लेकिन अभी तक हड़ताल समाप्त होने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। स्थानीय लोगो ने बताया कि प्रत्येक माह वह डिपो पर आकर गेहूं, चीनी, तेल, बाजरा व अन्य सामान ले जाते है। लेकिन इस बार हड़ताल के कारण उन्हे राशन अभी तक नहीं मिला जिसके कारण उन्हे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रधान गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्होनें इससे पहले भी कई बार सरकार से अपनी मांगो को लेकर गुहार लगाई थी। लेकिन सरकार उनकी मांगो की अनदेखी कर रही है। प्रदेश भर में सभी राशन डिपो होल्डर अपनी विभिन्न मांगों के चलते 15 जनवरी तक हड़ताल पर चले गए हैं। यानी कि जिला के अंतर्गत आने वाले 249 डिपो होल्डर ने अपनी हड़ताल करने का निर्णय लिया हैं, जिससे अब सभी डिपो बंद रहेंगे। प्रधान गुरदेव सिंह ने कहा कि सरकार 300 राशन कार्ड पर ही एक डिपो बनाने जा रही है। जिसके कारण उन्हे नुक्सान होगा। वहीं राशन भी देरी से पहुंचता है। जिसके कारण उन्हे राशन वितरण में भी देरी होती है। इसके साथ ही उन्हे दी गई मशीनें भी ठीक प्रकार से काम नहीं करती।

ऐसी स्थिति में डिपो से राशन पाकर गुजारा करने वाले कार्ड धारकों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

क्योंकि हड़ताल के चलते वे ना तो राशन को प्राप्त करेंगे और ना ही बांटेंगे। इसके चलते सरकार के स्तर पर जिला में राशन को समय पर बंटवा पाना भी बड़ी चुनौती बनता हुआ प्रतीत हो रहा है।

इधर, ऑल राशन डिपो होल्डर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार लडरावण ने बताया कि अगस्त 2022 को खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने राशन डिपो धारकों के हित को नजर अंदाज करते हुए आदेश लागू किया है, नये आदेशों में जिस डिपो धारक की उम्र 60 साल हो गई है, उसका लाइसेंस रिन्यू नहीं किया जाएगा।

डिपो धारकों का कहना है कि वह कई बार अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को भी अवगत करवा चुके हैं लेकिन इसके बावजूद भी उनकी मांगों को नहीं माना गया। अब उन्हें मजबूरी में हड़ताल करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होनें कहा कि हम लोगों को असुविधा नहीं देना चाहते लेकिन सरकार आए दिन नए नए नियम बनाकर हमारे लिए और आम जनता के लिए भी परेशानियां खड़ी कर रही है।

### गांव बुढपुर पहुंची भारत संकल्प यात्रा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**विकसित भारत संकल्प** यात्रा मंगलवार को गांव बुढनपुर पहुंची। इसमें भाजपा नेता विनोद छोकर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की मोदी वाली गारंटी वैन जो गांव में पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफी हद तक प्रयास किया है की जो हमारा विकसित भारत का संकल्प है वह बहुत जल्द पूरा हो।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले 5 साल तक सभी गरीब लोगों का राशन फ्री कर दिया है और आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लख रुपए तक की स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि वर्षों से चला आ रहा राम मंदिर का मुद्दा भी अब समाप्ति की ओर है और 22 जनवरी को श्री राम मंदिर जी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना तय हुआ है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन युद्ध के समय में युद्ध रुकवा कर अपने भारत वासियों को वहां से निकलवाया। यह भी एक सराहनीय कदम रहा है। विनोद छोकर ने कहा कि चाहे किसान सम्मान निधि हो,चाहे आयुष्मान कार्ड हो, चाहे फैमिली आईडी हो सब काम आमजन के लाभ के लिए किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन 9 सालों में सभी फसलों का दाम 3 गुना बढ़ाने का कार्य किया है। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल ईमानदार और दूर की सोच रखने वाले मुख्यमंत्री हैं। आज मेरिट के आधार पर हरियाणा में नौकरियां दी जाती हैं उज्वला के तहत फ्री गैस कनेक्शन प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने उज्वला योजना के तहत 5 महिलाओं को गैस कनेक्शन भी वितरित किए।

# महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## क्षत्रपति शिवाजी एकेडमी ने खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** गांव खातोली अहीर के छत्रपति शिवाजी एकेडमी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे एएसपी प्रबिना पि उपस्थित रही। उनके द्वारा स्कूल मे उपस्थित सभी बालिकाओं को महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के विषय मे विस्तार पूर्वक बताया गया। छत्रपति शिवाजी एकेडमी के संचालक द्वारा खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। जिसमे एएसपी प्रबिना पि मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। एएसपी ने बालिकाओं की दौड़ को हरी झंडी दिखाई।

इस दौरान एएसपी प्रबिना पि ने



बालिकाओं को गुड टच व बैड टच के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया की गुड टच बैड टच क्या होता है, अगर कोई गलत नीयत से छूता है तो उसे तुरंत टोकना चाइए। ऐसे लोगों की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों से या फिर किसी ऐसे व्यक्ति को देनी चाहिए जिस पर आपको विश्वास हो। ऐसे लोगों के खिलाफ तुरंत आवाज उठानी चाहिए चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा अगर हम चुप रहेंगे तो ऐसे लोगों की हिम्मत बढ़ेगी और वह बड़े से बड़ा अपराध करने से भी नहीं डरेंगे।

इसके साथ ही बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवं महिला के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चियों के लिए आजकल प्रशासन एवं शासन द्वारा काफी मजबूत कदम उठाए जा रहे हैं,

लड़कियों को जागरूक होकर अपने प्रति हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

# छावनी नागरिक अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की जांच की

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी के नागरिक अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को जांचते हुए उनके विभिन्न टेस्ट करवाए गए तथा विभिन्न दवाईयां दी गई। साथ ही डॉक्टरों द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जिसका गर्भवती महिलाओं ने भरपूर लाभ उठाया साथी महिलाओं को यह भी बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान तुंहें क्या चाहिए और निमित्त अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए सरकार की ओर से सरकार की ओर से गर्भवती महिलाओं में गुड़ चना भी वितरित किया गया। महिलाओं ने सरकार की इस योजना की जमकर कर सराहना की और प्रधानमंत्री का आभार भी प्रकट किया। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रचना बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर प्रत्येक महीने की 9 तारीख को गर्भवती मां को दिलाए अहसास की वो है सबसे खास कार्यक्रम किया जाता है। जिसके तहत उन्हें बताया जाता है कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को क्या-क्या परेशानी आती है तथा इस परेशानी को किस प्रकार से समाधान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि साथ ही महिलाओं को यह भी बताया जा रहा है कि उन्हें भोजन में किस प्रकार का आहार लिया जाना चाहिए।

# 18 फरवरी से होगा वॉलीबाल टूर्नामेंट

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**डीसी डॉ.** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 18 फरवरी से 22 फरवरी तक महिला व पुरूष वर्ग के लिए अखिल भारतीय सिविल सर्विस वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन श्री शिवछत्रपति स्पोर्टस कॉम्पलैक्स बेलवाड़ी पूना (महाराष्ट) में किया जाएगा। उक्त खेल के खिलाड़ियों का चयन करने के लिए सम्बंधित जिला खेल अधिकारी कमेटी के अध्यक्ष होंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 15 जनवरी को अखिल भारतीय सिविल सर्विस वॉलीबाल टूनार्मैंट के लिए करनाल में ट्रायल होगा। इसके लिए संबंधित विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी प्रातः 10 बजे तक निर्धारित स्थान पर ट्रायल के लिए भाग ले सकते हैं। सम्बंधित विभाग यह भी प्रमाण पत्र दे कि वे अमुक विभाग /कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी हैं। अखिल भारतीय सिविल सर्विस वॉलीबाल टूर्नामेंट महिला वर्ग के लिए करनाल के वालीवॉल प्रशिक्षक अश्वनी कुमार मैनेजर व पंचकूला के वालीवाल प्रशिक्षक रमेश शर्मा प्रशिक्षक चयन करने वाले होंगे। इसी प्रकार पुरूष वर्ग के लिए करनाल के जू. वालीवॉल प्रशिक्षक भूपिन्द मैनेजर व कुरूक्षेत्र के वालीवॉल प्रशिक्षक शिव कुमार प्रशिक्षक चयन करने वाले होंगे। उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले हेतू जाने व वापस आने का किराया संबंधित विभाग व खिलाड़ी द्वारा वहन किया जाएगा

# सैनी सभा ने मनाया गुलाब सिंह सैनी का बलिदान दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। स्थानीय** सैनी सभा नारनौल द्वारा न्यू सैनी धर्मशाला के प्रांगण में महान योद्धा सेनापति गुलाब सिंह सैनी का बलिदान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम सभा प्रधान, एवम पदाधिकारी के साथ समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सेनापति गुलाब सिंह सैनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

सैनी सभा के प्रधान बिशन कुमार सैनी ने बताया कि गुलाब सिंह सैनी का जन्म बल्लभगढ़ के एक साधारण किसान परिवार में हुआ। वे राजा नाहर सिंह की सेना में भर्ती हुए और अपनी बहादुरी से सेनापति और सलाहकार बन गए। 10 मई, 1857 को जब मेरठ व अंबाला से सैनिकों



ने दिल्ली अधिकार करने के लिए हमला किया तो गुलाब सिंह सैनी की सेना भी लड़ी और अंग्रेजों को मुंह की खानी पड़ी। राजा नाहर सिंह अपने महान योद्धा सेनापति गुलाब सिंह सैनी के साथ दिल्ली मोर्चा पर अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए अड़ गए लेकिन भरोसा देने वाले अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की चाल में आ गए और उन्होंने दिल्ली से दूरी बना ली लेकिन गुलाब सिंह सैनी ने हार नहीं मानी और अंग्रेजों को खदेड़ दिया। एक दिन अंग्रेजों ने गुलाब सिंह सैनी को धोखे से गिरफ्तार कर लिया और 9 जनवरी1858 को चांदनी चौक पर राजा नाहर सिंह के साथ फांसी पर चढ़ा दिए गए।

इस मौके पर सैनी सभा के उप प्रधान रोहतास सैनी, महासचिव निहाल सैनी, सचिव भारत सैनी, कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी, कार्यकारिणी सदस्य बिशंबर दयाल सैनी, डॉ राजकुमार सैनी, मदनलाल सैनी, विजय सैनी, प्रचार सचिव रामनरेश सैनी, अरुण सैनी, सूबे सैनी, कैप्टन हरीश सैनी, रामनिवास सैनी, सुरेश सैनी, मास्टर नरवर सैनी, ओम प्रकाश सैनी, पूर्व प्रधान मोहर सिंह सैनी, पूर्व महासचिव केसरी नंदन सैनी, धर्म सिंह सैनी, गौतम सैनी, यादराम सैनी, गणेश सैनी, नरेंद्र सैनी, प्रेम मैनेजर, किशोरी सैनी, मानसिंह सैनी आदि अनेक समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# विकसित संकल्प यात्रा गांव राजावास व बलाना पहुंची

## म्हारी लाडो म्हारी शान के तहत कराया कुआं पूजन, हर गांव पहुंच रही मोदी की गारंटी वाली गाड़ी : प्रो रामबिलास शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़। विकसित** भारत संकल्प यात्रा सतनाली खंड के गांव राजावास व बलाना पहुंची। गांव बलाना में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो रामबिलास शर्मा व राजावास में भाजपा प्रदेश यूवा मोर्चा कार्यकारणी सदस्य नवीन शर्मा मुख्य अतिथि मौजूद थे। दोनो गावों में मुख्य अतिथि ने विकसित भारत की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा आज मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव में पहुंची है। यह



यात्रा पूरे भारत में हर राज्य में हर गांव में चल रही है। इस यात्रा का केवल एक ही मकसद है, गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाना। इस यात्रा में आए विभिन्न विभागों से अधिकारी आप लोगों की समस्याए सुनेंगे व विभागीय स्कीमों की जानकारी देंगे। गांव बलाना में मुख्य अतिथि ने गांव के सबसे बुजुर्ग पुरूष जग्गाराम व गांव के शहीद ताराचंद व सुरेंद्र के परिजनों को सम्मानित किया। इसी तरह गांव के खिलाड़ी पूनम, सोनम, जीतपाल, परमजीत को अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया। गांव राजावास में मुख्य अतिथि ने गांव की सबसे बुजुर्ग महिला चांदनी देवी को शाल पहनाकर सम्मानित किया। गांव राजावास में मुख्य अतिथि ने चंचल सुपरवाइजर की अध्यक्षता में म्हारी लाडो म्हारी शान के तहत गांव की ममता कुमारी, कोमल का कुआं पुजन मनाया व गांव की करिश्मा, कामना, पूनमलता की गोद भराई की रस्म करी।

# बस अड्डे परिसर में अधूरा पड़े कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए

**पानीपत/कमाल हुसैन**
डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में सिवाह स्थित बस अड्डे परिसर में अधूरा पड़े कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानीपत को शीघ्र ही 50 इलेक्ट्रिक बसें प्राप्त होने जा रही हैं। बस अड्डा परिसर में सीवरेज, बागवानी, पानी, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्याएं दूर की जाएं। गेट की मुरम्मत भी शीघ्र की जाए। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि 50 इलेक्ट्रिक आने से नागरिकों के लिए बसों की सुगमता होगी। इसीलिए बस अड्डे पर आने वाले लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता है। इस मौके पर रोडवेज महाप्रबंधक कुलदीप

**निर्देश**

**8 डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि 50 इलेक्ट्रिक आने से नागरिकों के लिए बसों की सुगमता होगी**

जांगड़ा, उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता धर्मवीर छिक्कारा, कार्यकारी अभियंता नवीन कुंडू, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सवित पान्नु व वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सर छोटू राम की पुण्यतिथि मनाई गई

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय के परिसर में सर छोटू राम की पुण्यतिथि मनाई गईं। इस समारोह के मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य रहे। प्रधान आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विरेन्द्र आर्य, प्रबन्धक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जागलान, प्रधान आर्य बाल भारती स्कूल आर्य रणदीप सिंह, मेहर सिंह, डा0 सुरेन्द्र सिंह, प्राचार्य मनीष घनगस ने विद्यालय प्रांगण में पहुचने पर उनका हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेठ राधाकृष्ण आर्य ने कहा कि आज हम सर छोटू राम की पुण्यतिथि मना रहे है लेकिन हमें भारत के समाज सुधारक को नहीं



भूलना चाहिए। उन्होने बताया कि सर छोटू राम का जन्म नवम्बर 1881 में पंजाब के एक गांव के एक जाट परिवार में हुआ। उन्होने छोटू राम का उपनाम इसलिए दिया गया क्योंकि वे अपने परिवार में सभी भाईयों में सबसे छोटे थे। सर छोटू राम ब्रिटिश शासन के समय पजांब प्रान्त के राजनेता बन गए जिन्होने भारतीय उपमहाद्वीप के उत्पीड़ित समुदायों के हितों की वकालत की। इस कार्य के लिए उन्हे 1937 में नाईट की उपाधि से विभुषित किया गया। उन्होने भाखड़ा बांध पर भी एक प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य किया तथा भारत में किसानों के जीवन में सुधार लाने का कार्य भी करते रहे तथा 09 जनवरी 1945 में आज ही के दिन लाहोर में उनकी मृत्यु हो गई।

# जाटल में किया आंत्रप्रेन्योरशिप जागरूकता कार्यक्रम

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**महर्षि कश्यप** राजकीय बहुकनीकी संसथान जाटल में मंगलवार को एंटरप्रेनुरेशी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बलबीर सिंह निर्देशक ० मीना धीमान एमएसएमई. करनाल ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों कों सूक्षम लघु और मध्यम मंत्रालय के द्वारा चलाई गयी योजनाओ के बारे में विद्यार्थियों कों अवगत कराया।

अग्रणी बैंक प्रबंधक तुला राम ने ने उधोगो कों शुरू करने हेतु बैंकों द्वारा स्टार्टअप करने के लिए वितीय ऋण व अनुदान सबंधित जानकारी प्रदान की। एमएसएमई पानीपत सुमित के द्वारा पीएम विश्व करर्मा योजना से सम्बंधित जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में फोटोन पैकेट एनर्जी के संस्थापक विकास आनंद ने अपने अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। इस अवसर पर इस संस्था के प्रधानाचार्य राजीव नरवाल और टी. पी.ओ अधिकारी जसबीर सिंह व अन्य सदस्य विवेक कुमार सिंह, संदीप कुमार मौर्या, वतन, वसीम, योगिता, सुनीता, वीरेंदर यादव और विकास विलवास उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ रेलवे कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला छावनी** रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार का जमकर कोसा। ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन और जॉइंट फोरम फॉर रेस्ट्रोशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के आह्वान पर नॉर्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन अम्बाला मंडल द्वारा ओपीएस लागू करने के लिए रखी गयी क्रमिक भूख हड़ताल मे रेलवे कर्मचारियों की मांगो का समर्थन करने और उनका होंसला बढ़ाने के लिए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। धरने पर बैठे



कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहाकि इनेलो मुख्य महासचिव चौधरी अभय सिंह चौटाला पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि हरियाणा मे इंडियन नेशनल लोकदल की सरकार बनने पर पहली कलम से ओल्ड पैंशन स्कीम लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहाकि कि केंद्र मे अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता वाली बीजेपी सरकार ने वर्ष 2003 मे ओपीएस बंद करके न्यू पैंशन स्कीम लगू की थी। उस समय हरियाणा मे चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के नेतृत्व मे इनेलो सरकार थी।

# 'एक शाम श्री मेंहन्दीपुर बालाजी के नाम' के रंग में रंगा केवल पार्क








**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केवल पार्क स्थित रामलीला मैदान में श्रीबालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से 'एक शाम श्री मेंहन्दीपुर बालाजी के नाम कार्यक्रम' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंच का संचालन मंहत अनिल शर्मा ने किया। इस दौरान सुन्दर कांड पाठ और संकीर्तन का सुमधुर आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के समस्त सदस्यों ने बेहद अहम भूमिका निभायी।

कार्यक्रम में मंच की साज-सज्जा देखने योग्य थी। बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने बाबा के दर्शन किये। समारोह में भंडारे की भी विशेष व्यवस्था की गई। हर भक्त को भंडारा व प्रसाद का वितरण किया गया और देर रात तक भक्त भजनों पर झूमते हुए नजर आये। इस अवसर पर महंत अनिल शर्मा ने बताया कि समिति पिछले 17 सालों से बाबा का संकीर्तन पाठ व सुन्दरकांड का पाठ करवाती आ रही है। वर्ष 2008 से हर महीने एसी बसों के द्वारा निःशुल्क मेहन्दीपुर धाम और वृंदावन दर्शन हेतु भक्तों को लेकर जाते है।

**गायको ने भजनों से बांधा संमाः** कार्यक्रम के दौरान गायक हेमलता खंडेलवाल जयपुर, कृष्ण गुप्ता दिल्ली, चौधरी राम कुमार लक्खा नोएडा, पंडित नवीन भाई ओझा ने अपने भजनों से



कार्यक्रम में आये हुए भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने आयोजन की सराहना कीः** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का श्रीबालाजी दर्शन सेवा समिति ने स्वागत किया। इस दौरान गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम के आयोजको की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सभी को आयोजित करने चाहिए। इससे धार्मिकता का संचार होता है।

**ये लोग रहे मौजूदः** श्री सिद्ध शनिधाम मुडेशी मथुरा के पीठाध्यक्ष विजयानंद सरस्वती जी, महेन्द्रपुर तीन पहाड़ से पंडित गोपाल जी, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, दिल्ली नगर निगम नेता सदन मुकेश गोयल, धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, आप नेता अनुराग गर्ग, आप नेता गुरमीत अरोडा, रवि वधवा, एक्शन इंडिया के संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, प्रभारी नई दिल्ली जिला भाजपा अजय शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुभाष दीक्षित, केवल पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान अरविन्द मूलचंद एवं क्षेत्र की समस्त संस्थाओं और आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों सहित कई गणमान्य लोगों ने बाबा के दर्शन कर भजनों का आनंद लिया।







# नरेला : बेटी के जन्मदिन पर भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के नरेला स्थित राधा कुंज सोसायटी संजय कॉलोनी में विवेक अग्रवाल परिवार ने अपनी बेटी मशहूर अधिवक्ता अंशिका के 22वें जन्मदिन के अवसर पर खाटू श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अंशिका ने सब की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई।

मौजूद सभी ने अंशिका को जन्मदिन की बधाई दी और ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात भव्य संकीर्तन का शुभारंभ बाबा खाटू श्याम जी की प्रतिमा के सम्मुख अखंड ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। संकीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का गजब उत्साह देखते ही बन रहा था। संकीर्तन में भजन गायक वंशिका मोर्या, एनम अग्रवाल, तक्षु



गोयल ने श्याम प्रभु बाबा खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। दोपहर से शुरू हुए संकीर्तन में देर शाम तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे।

इस दौरान हारे के सहारे की जय, तीन बाण धारी की जय, शीश के दानी की जय, श्याम बाबा की जय के, जयकारों से दरबार गूंज उठा। संकीर्तन में श्याम सलोना श्रृंगार, श्याम रसोई, इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। वही जन्मदिन पार्टी में उपस्थित सभी ने वंशिका को सुंदर उपहार, पुष्पगुच्छ भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी और ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में रामकुमार अग्रवाल, पवन अग्रवाल, गीता रानी, विवेक अग्रवाल, कविता अग्रवाल, राजेश पांचाल, रामा खत्री, जितेंदर सेठी, अमित बंसल, अरुण आर्य एस पी जून, राजेंदर आर्य, कविन्दर खत्री, शालिका अग्रवाल, मधु गोयल, धीरज अग्रवाल, जसबीर गोयल, कृष्णा, मोनू, नमित अग्रवाल, अंकित सक्सेना, अंकित अरोड़ा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।




# करीब चार करोड़ से बनेगा बच्चियों के स्कूल का भवन: राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा है कि उनका तिगांव विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। हमारे यहां मॉडल संस्कृति स्कूल बनाने के साथ साथ अनेकों स्कूलों को अपग्रेड करने और नए भवनों को बनाने का काम जारी है। जिससे हमारे बच्चों को अपने ही क्षेत्र में शिक्षा के अच्छे अवसर प्राप्त हो रहे हैं। वह यहां तिगांव के गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नई इमारत निर्माण का काम शुरू करवाने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने स्थानीय बुजुर्ग के हाथ नारियल फुड़वाकर निर्माण कार्य की शुरूआत करवाई। विधायक राजेश नागर ने बताया कि इस इमारत पर तीन करोड़ 96 लाख रुपये की लागत आएगी और यह निर्माण करीब डेढ़ साल में पूरा हो जाएगा। इसके बनने के बाद हमारी बच्चियों को बड़ी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि लडकों के स्कूल की इमारत भी करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हो गई है। जो जल्द ही प्रयोग में आएगी। इसके साथ ही हमारे क्षेत्र में प्रदेश की पहली मॉडर्न डिजिटल आईटीआई बनी है जिसमें बच्चे ट्रेड सीख रहे हैं और इस साल हम और ट्रेड शामिल कर रहे हैं। नागर ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से हम क्षेत्र का विकास करने में जुटे हैं। इसमें सिविल के काम, शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि हर क्षेत्र में काम हो रहे हैं। अनेक सडकों का काम चल रहा है जिनमें खेड़ी से नचौली जसाना मंझावली तक फोर लेन रोड मंझावली पुल से जोड़ेगा, वहीं बल्लभगढ़ से तिगांव मंझावली आरसीसी रोड बन रहा है जो लाखों लोगों को लाभ पहुंचाएगा। इसी प्रकार भतौला से तिगांव फोर लेन बन रहा है। जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही सुगम हो सकेगी। नागर ने कहा कि जनता भी हमें जो काम बताती है, उसे हम प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। आज पूरे तिगांव क्षेत्र में विकास कार्य जारी हैं। मैं अपने क्षेत्र की जनता को सेवा का अवसर देने के लिए हमेशा आभार जताता हूं और जनता का भी प्रेम मुझे निरंतर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुमन हुड्डा ने बताया कि विधायक राजेश नागर एक नेता के जैसे बात नहीं करते हैं। वह हर मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और उन्होंने इस स्कूल में अनेक सुविधाएं करवाई हैं। इस अवसर पर तिगांव सरपंच विक्रम प्रताप नागर, अधाना पट्टी सरपंच



# आरडब्लूए एसी नगर ने नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा को बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
आरडब्लूए एसी नगर के प्रधान दिनेश बंसवाल,उपप्रधान बशारत हुसैन,महासचिव दीपक कुमार,कोषाध्यक्ष अशोक कपूर व अन्य सदस्यों ने आज भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा के निवास पर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर दिनेश बंसवाल की टीम ने राजकुमार वोहरा को पुष्प गुच्छा भेंट कर मिठाई खिलाई। इस अवसर पर दिनेश बंसवाल ने कहा कि राजकुमार वोहरा एक नेकदिल इंसान के साथ साथ साफ छवि के ईमानदार नेता है जिन्होनें हमेशा पार्टी और देश की सेवा के बारे में सोचा।

पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा सेवा भाव को देखते हुए हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उन्हें फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष का पद देकर यहां की जनता का भी दिल लूट लिया है। इस मौके पर राजकुमार वोहरा ने कहा कि मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष बनाकर पार्टी ने आम कार्यकर्ता के मान सम्मान को बढ़ाया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विकास पुरूष ताऊ मनोहर लाल ने ग?ीब और पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने का काम किया है। इस अवसर पर दिनेश बंसवाल, बशारत हुसैन,दीपक कुमार, अशोक कपूर,तेज प्रकाश, सचिव नवीन, इमरान, अश्विनी गुप्ता, राकेश, धर्मेंद्र, चिंटू, जॉनी, नेत्रपाल, जोगिंदर, सुनील कुशवाहा, सुनील गुप्ता, विजेंदर शर्मा अनिल बघेल,गजेसिंह,राकेश बंसवाल, सपन पाल, अजीत, सुमित, रजत,जोगिंदर चौहान, इत्यादि उपस्थित थे।




## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस सरकार बनाएगी गुड़गांव से फरीदाबाद की मेट्रो लाइन, पलवल तक पहुंचेगी मेट्रो- हुड्डा



**11,000 सफाई कर्मियों, चौकीदारों और मनरेगा मेट को पक्का करेगी कांग्रेस- हुड्डा**

**प्रदेश में शुरू हो चुकी है परिवर्तन की लड़ाई, पूरी मेहनत, जोश व जज्बे के साथ लड़ेंगे कांग्रेसी- हुड्डा**

**फरीदाबाद, 09 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।** बहादुरगढ़, गुड़गांव और बल्लभगढ़ तक मेट्रो लाने वाले कांग्रेस सरकार ही गुड़गांव से फरीदाबाद मेट्रो चलाने का काम करेगी। इतना ही नहीं मेट्रो का विस्तार पलवल, रोहतक और सोनीपत तक किया जाएगा। यह ऐलान किया है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने। हुड्डा फरीदाबाद में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी कार्यकताओं में जोश भरने का कार्य किया। अपने संबोधन में हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी। ऐसे में पार्टी के नए कार्यक्रम ‍घर-घर कांग्रेस‍ के तहत कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं और उसे बताएं कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार क्या-क्या कार्य करेगी। मेट्रो विस्तार के साथ-साथ रोजगार सृजन पर कांग्रेस का विशेष जोर रहेगा। क्योंकि मौजूदा सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी में नंबर वन बना दिया है। बीजेपी-जेजेपी सरकारी विभागों में खाली पड़े 2 लाख पदों को भरने की बजाय कौशल निगम के जरिए विदेश में युवाओं को भेजना चाहती है। ठेके वाली कच्ची नौकरियां के नाम पर पढ़े-लिखी युवाओं का शोषण किया जा रहा है। लेकिन हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर सभी खाली पदों को पक्की भर्तियां होंगी। जिन 11,000 सफाई कर्मियों को कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त किया था, उनके समेत तमाम चौकीदार और मनरेगा मेट को पक्का किया जाएगा। इसके अलावा बुजुर्गों को ?6000 बुढ़ापा पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, ?500 में गैस सिलेंडर, 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट, एससी-ओबीसी व गरीब बच्चों को वजीफा भी दिया जाएगा। हुड्डा ने कहा कि सत्ता परिवर्तन की लड़ाई शुरू हो चुकी है। तमाम कांग्रेस कार्यकताओं को पूरी मेहनत, जोश और जज्बे के साथ यह लड़ाई लड़नी है। चौधरी उदयभान ने कहा कि पार्टी और उसकी नीतियों का प्रचार करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए। प्रत्येक कांग्रेसी को अपने घर पर कांग्रेस का झंडा और व्हीकल पर स्टीकर लगाना है। युवाओं को सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देना है। लोगों को बताना है कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हरियाणा में विकास के कौन-कौन से कार्य हुए। कांग्रेस सरकार के दौरान साढे 81 किलोमीटर तक मेट्रो लाइन हरियाणा में बिछी। जबकि मौजूदा सरकार ने 1 इंच भी मेट्रो को आगे नहीं बढ़ाया।

कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हरियाणा में 4 बड़े बिजली के कारखाने और एक न्यूक्लियर पावर प्लांट स्थापित हुआ। जबकि मौजूदा सरकार ने एक यूनिट भी बिजली पैदा करने का काम नहीं किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हुड्डा सरकार के प्रदेश में 12 यूनिवर्सिटी और 6 मेडिकल कॉलेज बने। फरीदाबाद की बात की जाए तो ग्रेटर फरीदाबाद, वाईएमसीए यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और आईएमटी स्थापित हुई। लेकिन भाजपा कार्यकाल के दौरान फरीदाबाद में पहले से स्थापित छोटे और बड़े उद्योग पलायन करने लगे और नया निवेश आना बंद हो गया। इसके चलते युवा बेरोजगारी की दलदल में फंस गए। इतना ही नहीं मौजूदा सरकार द्वारा 5000 झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर गरीबों को बेघर किया गया। कांग्रेस कार्यकताओं को सरकार की इन कारगुजारियों के बारे जनता को अवगत करवाना है।

# उपायुक्त ने ग्रामीणों को सौंपी प्लाटों के इंतकाल की प्रति

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
उपायुक्त विक्रम सिंह ने सोमवार को नचौली गांव के ग्रामीणों को 100-100 गज के प्लाटों के 2007-08 में किए गए आवंटन के इंतकाल की प्रतियां गांव के ग्रामीणों को सौंपी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इंतकाल के लिए कुछ दिन पहले उनसे मिले थे और इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर इनकी समस्या का समाधान करवाया। उपायुक्त ने बताया कि 2007-08 में इन प्लाटों का आवंटन तो कर दिया गया था लेकिन पहले कोर्ट केस व बाद में अन्य कारणों से इनका इंतकाल दर्ज नहीं हो सका था।

# नहरपार क्षेत्र में एचएसवीपी ग्रीन बेल्ट से अवैध कब्जे हटाकर वन तैयार करें: गुर्जर

**निर्देश**

**8 जिला विकास समन्वय एव मॉनिटरिंग कमेटी की मीटिंग में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए निर्देश**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि शहर में जगह-जगह अतिक्रमण की वजह से लोगों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने खास तौर पर ग्रेटर फरीदाबाद में एचएसवीपी की मास्टर रोड व अन्य सडकों को किनारे अतिक्रमण को लेकर अधिकारियों के सामने अपनी नाराजगी प्रकट की और जमकर फटकार भी लगाई। केंद्रीय राज्यमंत्री सोमवार को लघु सचिवालय में जिला विकास समन्वय एवं मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा) की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। मीटिंग में उन्होंने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की क्रमशः समीक्षा की। मीटिंग में उन्होंने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद में एचएसवीपी के मास्टर रोड पर ही लोगों ने रास्ते बना लिए हैं। इसके अलावा बड़ी संक्रया में नर्सरी सहित अवैध कब्जे हो चुके हैं। इससे नए शहर का सौंदर्यकरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने एचएसवीपी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह इसके लिए विशेष अभियान चलाएं। नीलम चौक पर अजरौंदा गांव व एनआईटी की तरफ जाम की समस्या का सामधान करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही तिगांव रोड पर सडक निर्माण के दौरान सीवरेज लिकेज की समस्या को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लीकेज तुरंत रोकें और जो जिम्मेदार हो उसके खिलाफ कार्रवाई करें। मीटिंग में नगर निगम व एफएमडीए द्वारा अलग-अलग सेक्टरों में सडकों के दौरान सही से लिंक न करने पर कहा कि इस बात का भविष्य में ध्यान रखा जाए और अधूरे छूटे सडकों के सिरों को सही ढंग से मिलाया जाए। पाली भाखरी रोड पर जलभराव की समस्या का समाधान न होने पर भी उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए नगर निगम व पीडब्ल्यूडी अधिकारी मिलकर रास्ता निकालें। उन्होंने यहां के नाले को नगला की सीवरेज लाईन में मिलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहर के कम्युनिटी सेंटरों को आरडब्लूए को सौंपने के लिए उन्होंने दौबारा निर्देश दिए।




# एस. एस. वी. अस्पताल में हुआ 20 वर्षीय महिला के हृदय के ट्यूमर का सफल इलाज

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
एस. एस. बी अस्पताल में 20 वर्षीय महिला के हृदय से न्यूनतम इनवेसिव तकनीक से ट्यूमर का सफल ईलाज किया। एस.एस.बी अस्पताल में 20 वर्षीय महिला को सांस फूलना व दर्द की शिकायत से पीड़ित थी। ईको और सीटी एन्जियोग्राफी की जाँच करने पर मरीज के दिल के राइट अटरियम में एक गांठ नजर आई। हृदय और लंग्स का सीटी एन्जियोग्राफी करने पर ऐसा लग रहा था कि दोनो लंग्स के कई हिस्सों में खून के थक्के है क्योंकि इतनी छोटी उम्र में हृदय का ट्यूमर होने का चांस कम होता है। इसलिए खून के थक्के को पिघलाने की दवाई दी गई। 48 घंटों के बाद दोबारा से जांच हुई पता चला तो गांठ कम नही हुई, और न ही फेफड़ों के थक्के जिससे हृदय में ट्यूमर की संभावना बढ़ गई और ऑप्रेशन करना एक मात्र ईलाज था। मरीज की कम उम्र और भविष्य की शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों ने सर्जरी की एक खास मिनिमल इनवेसिव तकनीक का इस्तेमाल किया। सामान्य मध्य रेखा चीरे के वजह छाती के दाहिने हिस्से में निशान कम दिखने वाला चीरा लगाकर गांठ का पूरा ऑप्रेशन किया गया। जाँच में गांठ एक प्रकार का ट्यूमर मिक्सोमा निकला। जिसके छोटे-छोटे टुकडे फेफड़ों में टूट कर जा रहे थे और फेफड़ों को ब्लड प्रेशर बहुत बड़ गया था



# देसी कट्टे व जिंदा रोंद सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए
दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने देसी कट्टे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विनोद भाटी (50) गांव मसोता जिला बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश का तथा वर्तमान में गांव नीमका बल्लबगढ़ का रहने वाला है।

# हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम वीरवार से: रेनू भाटिया



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
हरियाणा महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग (एचएससीडब्ल्यू) अपने 25वें स्थापना दिवस पर 11 और 12 जनवरी 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला शिखर सम्मेलन "एशियन कंट्रीज समिट" - दुर्गा एम्पावरिंग वूमेन नामक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम सूरजकुंड स्थित होटल राजहंस के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल करेंगे जबकि समापन समारोह में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल भंडारू दत्तात्रेय शिरकत करेंगे। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरमैन श्रीमती रेनू भाटिया मंगलवार को अरावली गोल्फ क्लब में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रही थी।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिला आयोग का दो दिवसीय समागम वीरवार से 11:00 बजे शुरू होगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी महिलाएं शिरकत करेंगी। इसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा और अध्यक्ष, राष्ट्रीय आयोग महिला सम्मेलन का उद्घाटन कर संबोधन करेंगे। वहीं हरियाणा के माननीय राज्यपाल इस अवसर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

दुर्गा एम्पावरिंग वूमेन सम्मेलन में ये महान महिलाएं करेंगी शिरकतः- हरियाणा महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट गौरी सावंत, पहली महिला ट्रांसजेंडर विधायक शबनम मौसी, ट्रांसजेंडर धनंजय चौहान, एडवोकेट रितु कपूर, एनकाउंटर स्पेशलिस्ट शाहिदा परवीन, जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड चेयरपर्सन दरक्षा आंध्रवी, पत्रकार सलमा सुल्तान, महिला उद्यमी पूजा चौहान, इस्कॉन स्पीकर राधिका मां, माउंट आबू पीस एम्बेसडर बिन्नी सरीन, निवेदिता आनंद मूर्ति, सोशल एक्टिविस्ट पूजा शर्मा, बाइकर गर्ल निहारिका, माउंटेनियर अनीता कुंडू, ब्यूटीशियन नीलोफर, नेपाल शक्ति समूह की अध्यक्ष बालकुमारी राणा, सर्वोच्च न्यायालय में एडवोकेट कुमारी मीनाक्षी अरोड़ा, एडवोकेट बांसुरी स्वराज, ऑक्सफोर्ड यूनियन लीडर रश्मि सावंत शिरकत करेंगी।

# पंखा मेले के आयोजन से समाज में आती है सुख-समृद्धि: सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
हर वर्ष रक्षाबंधन पर्व पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक पंखा मेला का पंखा टीम लखन सिंगला द्वारा उठाया गया। लखन सिंगला टीम के सभी सदस्यों ने इस ऐतिहासिक पंखा को उठाकर ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे बाजार में घुमाया, जहां जगह-जगह इसका भव्य स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन पर्व पर हर वर्ष ओल्ड फरीदाबाद में ऐतिहासिक पंखा मेला आयोजित किया जाता है। इस बार माता पथवारी देवी मंदिर से यह पंखा टीम लखन सिंगला द्वारा उठाया गया। इस मौके पर लखन सिंगला ने कहा कि इस बार ऐतिहासिक पंखा मेला का पंखा उठाने का उन्हें सौभागय मिला है और इस मेले का भव्य स्वरूप दिया जाएगा।

उन्होंने इस मेले से जुड़ी प्राचीन कथा के बारे में बताते हुए कहा कि सैकड़ों वर्षो पूर्व जब क्षेत्र में महामारी आई थी, तब सभी लोगों ने माता पथवारी मंदिर में पंखा उठाया था और इस मेले का आयोजन किया था, उसके बाद महामारी दूर हो गई और तब से लेकर अब तक हर वर्ष यह प्राचीन मेला धूमधाम से मनाया जाता है और इस आयोजन से समाज में सुख-समृद्धि आती है। लखन सिंगला ने कहा कि इस मेले में हरियाणा के बड़े-बड़े दिगगज शामिल होंगे और इसकी शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में तीन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, पहले दिन रक्षाबंधन मेला लगेगा, जबकि दूसरे दिन स्वांग और अंतिम दिन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं मेले को भव्य बनाने के लिए आसपास के प्रदेशों के विख्यात बैंड बाजे व मनमोहक झांकियां निकाली जाएगी, जो बहुत ही दर्शनीय होगी। इस अवसर पर सुरेंद्र अग्रवाल, हरविंद्र गुप्ता, सुरेंद्र यादव, सुनील यादव, बालकिशन वशिष्ठ, बंटी ठाकुर, कर्मवीर खटाना, मनोज माहौर, राजेंद्र ठाकुर, पूरनमल, विजय कुमार भीम बस्ती सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।



# मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर बन रही हैं देश की महिलाएं: कृष्ण पाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश की महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की तरफ अग्रसर है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना हो या अन्य योजनाएं प्रत्येक योजना महिलाओं को आगे बढ़ने का कार्य किया है । केंद्रीय राज्य मंत्री सोमवार को लघु सचिवालय में के विभिन्न गांव से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लगभग 45 लख रुपए की राशि के चेक वितरित कर रहे थे। अपने संबोधन में केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक करोड़ महिलाओं को लखपति बनाया है। वहीं ड्रोन दीदी बनने पर ड्रोन खरीदने पर 15000 महिलाओं को 80 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। चौधरी कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के बाद शुरू हुए अमृत काल में देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व राज्य सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उनके विकास पर विशेष जोर दे रही है। प्रदेशभर में हजारों की संख्या में स्वयं सहायता समूह बनाकर देश व प्रदेश के विकास में महिलाओं की भागीदारी तय की जा रही है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद जिला में 1200 स्वयं सहायता समूह से 12000 से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि यह सभी महिलाएं अलग-अलग कार्यों के जरिए अब स्वावलंबन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही हैं। सभी महिलाओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि वह लगातार आर्थिक रूप से सक्षम बने और अगर उन्हें किसी भी मदद की आवश्यकता है तो वह प्रशासन सरकार की तरफ से की जाएगी। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वच्छता अभियान के तहत 11 करोड़ गरीब परिवारों की महिलाओं के घरों में शौचालय बनाए गए हैं। वहीं उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों की 11 करोड़ महिलाओं को फ्री में गैस सिलेंडर और चूल्हा दिया गया है। हर घर नल के जरिये 14 करोड़ महिलाओं को घरों में शुद्ध जल नल के जरिये दिया जा रहा है। वहीं देश में एक करोड़ महिलाओं के सहायता समूहों को साढे सात करोड़ रुपये की धनराशि बिना ब्याज के स्वयं रोजगार के लिए बाटी गई है। इसी क्रम में कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार ने फरीदाबाद जिला में 105 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 45 लाख रुपए का अनुदान देने का निर्णय लिया है।



# मंदिर से चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने मंदिर व घरों में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप गांव कुम्हा भरतपुर राजस्थान का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम मुख्य सिपाही अजमेर, सिपाही अमन और मुफरीद्दीन ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से मुजेसर फाटक से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने श्याम कॉलोनी के मंदिर में से 15000/-रु चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी से पूछताछ में 11000/-रु बरामद किए गए है। आरोपी ने 4000/-रु खर्च कर दिए है।

आरोपी से पूछताछ में मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा हुआ है। आरोपी ने मोटर साइकिल को सेक्टर-12 खेल परिसर से चोरी की थी। मोटरसाइकिल को सेक्टर-23 की झुग्गियो से बरामद किया गया है। आरोपी से आदर्श नगर एरिया से घर में गहने चोरी के मामले का खुलासा हुआ है। जिसमें बरामदगी के लिए आरोपी को अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।



फास्ट न्यूज

## करीमगंज में 100 करोड़ रुपए के ड्रग्स के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

करीमगंज: करीमगंज में 100 करोड़ रुपए मूल्य के ड्रग्स के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि ड्रग्स के खिलाफ मुहिम में यह एक बड़ी जीत है। असम पुलिस के डीआईजी पार्थसारथी महंत और करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स और करीमगंज पुलिस के संयुक्त अभियान में आज नीलामबाजार थाना अंतर्गत सुप्राकांदी में भारी मात्रा में ड्रग्स जब्त किए गए। कुल जब्ती में 5.10 किलोग्राम हेरोइन, 64 हजार याबा टैबलेट और विदेशी सिगरेट के चार पैकेट शामिल हैं। पुलिस ने इन नशीली दवाओं के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान करीमगंज के रहने वाले नूर अहमद और मिजोरम के थेनजोल के रहने वाले जोसांगलियानी, रामनघेका और लालचमलियाना के रूप में की गई है। बाजार मूल्य के लिहाज से पूर्वी भारत में नशीली दवाओं की यह सबसे बड़ी जब्ती मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने ड्रग्स की इस बरामदगी के लिए सोशल मीडिया के जरिए असम पुलिस को बधाई दी है।

## संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति को पहंचे लाभ: कृष्णपाल गुर्जर

पलवल: केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मंगलवार को कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाडी की शुरूआत भारत के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 15 नवंबर 2023 को झारखंड के खूटी नगर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में शुरू की थी और 25 जनवरी 2024 तक यह गाडी देश के हर एक नगर, शहर, कस्बे व गांव में जाने वाली है। वे पलवल नगर परिषद क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अवसर पर सेक्टर-2 में आयोजित वार्ड नंबर-1, 29, 30 व 31 के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर एलईडी वैन के माध्यम से लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को उत्सापूर्वक सुना व देखा। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाडी के साथ जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी स्टॉल लगाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हैं और पात्रता पूरी होने पर संबंधित व्यक्ति से योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करवाते हैं। इसके अलावा जन समस्याओं को भी सुनकर मौके पर ही उनका समाधान करने की दिशा में कार्य करते हैं।

# 'स्वच्छतम व सुंदरतम नजर आए रामनगरी'

## नए साल की पहली अयोध्या यात्रा में भी मुख्यमंत्री का विकास और स्वच्छता पर रहा फोकस

निरीक्षण

- मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की देखी हकीकत, गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का दिया निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
2024 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पहला अयोध्या दौरा भी विकास और स्वच्छता को ही समर्पित रहा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि रामनगरी स्वच्छतम व सुंदरतम नजर आए। यहां भी स्वच्छ्ता का कुंभ मॉडल लागू करें। सड़कों भी कहीं भी धूल उड़ती न दिखे, शौचालयों की प्रतिदिन सफाई हो। मंगलवार को यहां उन्होंने विकास कार्यों की हकीकत देखी। बारीकी से कार्यों का निरीक्षण किया और साधु-संतों का हाल चाल भी जाना। मुख्यमंत्री कुबेर टीला भी गए, जहां जटायु को नमन किया। वहीं विकास कार्यों को लेकर अफसरों को निर्देश दिया कि 22 जनवरी के बाद यहां श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। लिहाजा हर काम गुणवत्तापूर्ण और समय से हो। लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

**अयोध्या में होगी प्रयाग सी स्वच्छ्ता, लागू करें स्वच्छ्ता का कुंभ मॉडल:** तीर्थ क्षेत्र पुरम में मुख्यमंत्री को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ट्रस्ट द्वारा विकसित टेंट सिटी का भ्रमण कराकर व्यवस्थाओं से अवगत कराया। यहां महंत अवेद्यनाथ जी नगर, ओंकार भावे नगर, वामदेव जी महाराज नगर सहित सभी नगरों में भ्रमण कर व्यवस्था देखी और कहा कि साफ-सफाई को शीर्ष प्राथमिकता दें। कुंभ जैसी स्वच्छ्ता व्यवस्था हो।

**नगर निगम की टेंट सिटी का भी किया निरीक्षण:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम द्वारा बनाई जा रही टेंट सिटी का अवलोकन किया।

22 जनवरी के बाद रामनगरी में आने वाले दर्शनार्थियों के रहने की व्यवस्था के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात के मौसम में यहां दिक्कत न हो, इसका ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि यहां चौखट थोड़ा ऊंचा कराया जाए।

### नगर निगम जलकल भवन पहुंचे मुख्यमंत्री

**संकटमोचन** हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री कुबेर टीला गए, यहां जटायु जी को नमन किया। यहां से मुख्यमंत्री नगर निगम जलकल भवन बेनीगंज अमानीगंज का निरीक्षण किया। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ ने विकास कार्यों को देखा। अफसरों से कहा कि ऐसा कार्य करें कि अयोध्या स्वच्छतम और सुंदरतम नगरी दिखे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ्ता का कुंभ मॉडल लागू करें।

### पंचवटी आश्रम में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मुख्यमंत्री योगी ने पंचवटी आश्रम का भी जायजा लिया। यहां मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि साफ-सफाई अच्छी हो। गर्म पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। गड्ढे-कंबल साफ हों। लोग रहने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें। सेवा भाव के साथ काम करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मणिराम दास छावनी में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से भेंट-वार्ता की। उनका कुशलक्षेम जाना।

# जब सीएम विष्णुदेव खुद बने बच्चे और रेडी टू ईट से बने केक को काटा



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सूरजपुर जिले के जमदेई ग्राम में पहुंचे थे जहां उनकी नजर महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल पर पड़ी। यहां पर कुछ बच्चे हाथों में केक लिए खड़े थे। मुख्यमंत्री ने पूछा किसका जन्मदिन है , तो बच्चों ने जो जवाब दिया उससे मुख्यमंत्री इतने प्रभावित हुए की उन्होंने खुद ही बच्चों के लिए अपने हाथों से केक काटा और उन्हें खिलाया भी। दरअसल सूरजपुर जिले के तीन बच्चे आकाश, रिहान और रिशांक की गिनती कुपोषित बच्चों में थी और उनकी हालत बेहद खराब थी। ऐसे में महिला बाल विकास द्वारा संचालित योजना का लाभ देते हुए इन बच्चों को सुपोषित आहार देना शुरू किया गया। आंगनबाड़ी से बच्चों को रेडी टू ईट और गर्म पोषण युक्त भोजन मिला जिससे ये तीनों कुपोषण को मात दे सके और खुद को एक नया जीवन देते हुए सुपोषित हुए। तीनों ने मुख्यमंत्री से कहा कि उन्हें शासन की योजनाओं से नया जीवन मिला है और इसके लिए वो रेडी टू ईट का बना केक लेकर आए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष श्री रमन सिंह ने इन बच्चों को खूब आशीर्वाद दिया और मुख्यमंत्री ने खुद केक काटते हुए अपने हाथों से बच्चों को खिलाया।

# '16 से कम सीटों पर नहीं गलेगी 'इंडिया' के साथ दाल'



मंशा साफ

- जदयू के वर्तमान में 16 सांसद हैं और उनकी पार्टी बिना वजह कुछ नहीं बोलती है

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**इंडी** गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। कई घटक दलों ने सीटों को लेकर अपनी मंशा भी साफ कर दी है। जदयू तो बीते कुछ दिनों से खुलकर बोल रही है कि वह 16 सीटों से कम पर समझौता नहीं करेंगे। पहले केसी त्यागी ने कहा कि वह समझौते के लिए तैयार नहीं हैं और अब मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि हमारे 16 सांसद वर्तमान में हैं और यह कोई अचानक नहीं हुआ है। मंत्री विजय चौधरी ने मंगलवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक बात इशारों-इशारों में साफ कर दी कि जदयू 16 सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता दल यूनाइटेड (खउ्र) बिना वजह कुछ नहीं बोलती है। ना ही कुछ भी अचानक सोचा गया है। सबकुछ पहले ही तय है। मंत्री विजय चौधरी ने एक बार फिर दोहराया कि सीट शेयरिंग पर जल्द से जल्द बात होनी चाहिए।

**'हमारा गठबंधन आरजेडी यानी राजद के साथ है':** विजय चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा कि जदयू का गठबंधन आरजेडी के साथ है। वहीं, आरजेडी का कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठबंधन है। विजय चौधरी ने कहा कि पिछली बार हम 17 सीटों पर लड़े थे तो 16 अभी हम लोगों के वर्तमान सांसद हैं। इसमें कहां कोई नई बात है। ना ही कोई बात अचानक की गई है। ये तो पांच साल पुरानी बात है।

**'सीटों के बंटवारे में देरी उचित नहीं':** उन्होंने आगे कहा, "उसके पहले हम लोग एनडीए में थे... तब राजद का कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठबंधन था। वो लोग साथ में आए हैं।"

# उत्तराखंड: छह महीने के अंदर होंगे स्थानीय निकाय चुनाव

## आरक्षतय करने के लिए एक सदस्यीय न्यायिक कमीशन का गठन भी किया




तैयारी

- हाई कोर्ट को बताया गया है कि सरकार ने निकायों के चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**
उत्तराखंड में नगर निकायों के चुनाव छह माह के भीतर होंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट 26 जनवरी तक मिल जाएगी। जिसके बाद आरक्षण तय होगा।राज्य में निकायों का परिसीमन पूरा हो चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग फरवरी तक निकायों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर देगा। राज्य सरकार की तरफ से हाई कोर्ट को बताया गया है कि सरकार ने निकायों के चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आरक्षण तय करने के लिए एक सदस्यीय न्यायिक कमीशन का गठन भी किया है।

**निकाय चुनाव को लेकर कोर्ट में हुई सुनवाई:** मंगलवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में जसपुर ऊधमसिंह नगर निवासी मोहम्मद अनीस व नैनीताल निवासी राजीव लोचन साह की अलग अलग जनहित याचिका पर एक साथ सुनवाई हुई।

इस दौरान अपर सचिव शहरी विकास व निदेशक नितिन भदौरिया कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। उन्होंने कोर्ट में बताया कि निकाय एक्ट के आधार पर निकायों के निर्वाचित बोर्ड भंग कर छह माह के लिए प्रशासकों की तैनाती की गई है।

## 'शेष जीवन भगवान राम का स्मरण कर जीवन सुधारें राम विरोधी'

भोपाल: श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर कांग्रेस और वामपंथियों ने हमेशा ही सवाल खड़े किए हैं। ऐसे में अब श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है, तो कांग्रेस के सभी वयोवृद्ध नेताओं को पुरानी गलतियों को छोड़ भगवान श्रीराम की शरण में जाना चाहिए। ये बात मंगलवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व जागृत हिंदू मंच के संयोजक डॉ. दुर्गेश केसवानी ने न्यू मार्केट डाक घर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह सहित अन्य नेताओं को मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण पत्र और घर में लगाने के लिए दीपक भेजे।

## नियंत्रण रेखा के पास हथियार व नशीले पदार्थ बरामद

**श्रीनगर:** पाकिस्तान में बैठे आतंकी सरगनाओं ने कश्मीर में हथियारों और पैसे की कमी से जूझ रहे आतंकियों की मदद के लिए नदी के रास्ते हथियार व अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी है। गुलाम जम्मू कश्मीर में बैठे आतंकी सरगनाओं द्वारा अपनाए गए। इस नए तरीके का पदार्फाश मंगलवार को उत्तरी कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर स्थित किशनगंगा नदी किनारे से हथियार व अवैध नशीले पदार्थों की एक खेप को बरामद कर किया। उन्होंने इस सिलसिले में संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए एक ग्रामीण को भी हिरासत में लिया है। यहां मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को अपने तंत्र से पता चला था कि गुलाम जम्मू कश्मीर से हथियार व अवैध नशीले पदार्थों की खेप को उत्तरी कश्मीर में जिला कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में भेजा गया है। यह यह खेप किशनगंगा दरिया के रास्ते पहुंचाई गई है। किशनगंगा दरिया जम्मू कश्मीर औरगुलाम जम्मू कश्मीर के बीच एक प्राकृतिक सीमा बनाती है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने सेना के जवानों के साथ मिलकर केरन पायीन इलाके में एक तलाशी अभियान चलाया। जवानों ने कोबरा चौकी के कार्याधिकार क्षेत्र में एक जगह नदी किनारे हथियार व अवैध नशीले पदार्थ बरामद किए।

# शराब के नशे में धुत्त टीचर की शर्मनाक करतूत, छात्र से मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ देवरीकला/भोपाल**
प्राथमिक शाला सिंगपुर में पदस्थ शिक्षक ने शराब पीकर छात्र के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के साथ बच्चे को नाखून से खरोंच भी दिया। बच्चे के पिता ने महाराजपुर पुलिस थाने सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शिक्षक की शिकायत की है। घटना के बाद शिक्षक स्कूल में ताला लगाकर भाग गया है। जानकारी के अनुसार, प्राथमिक शाला सिंगपुर में पदस्थ शिक्षक देवेंद्र लोधी रोजाना शराब पीकर स्कूल आता है। सोमवार को भी वह शराब पीकर पहुंचा और बच्चों के साथ मारपीट करते हुए अपशब?द कहे। इसकी शिकायत बच्चों ने घर जाकर अपने माता-पिता को की। बच्चों के अभिभावकों ने महाराजपुर पुलिस थाना आकर जानकारी दी और एक लिखित आवेदन देकर शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में एक बच्चे के कान के यहां खरोंच के निशान होने पर एमएलसी कराई है और मामले को जांच में लिया है। अभिभावकों और बच्चों ने पुलिस को बताया कि यह शिक्षक प्रतिदिन शराब पीकर स्कूल आता है और बच्चों के साथ गाली-गलौज करता है।

# अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की आशंका



**टीम एक्शन इंडिया/हीरानगर।**
पिछले कुछ दिनों से मैदानी क्षेत्र में पड़ रही गहरी धुंध व कोहरे के बावजूद भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जम्मू कश्मीर पुलिस की बॉर्डर चौकियों पर तैनात कर्मी बुलंद हौसले के साथ दिन रात नाके लगाकर सुरक्षा कर रहे हैं। कोहरे के दौरान पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ की आशंका बनी रहती है।

हालांकि, सीमा पर तारबंदी की वजह से घुसपैठ की संभावना बहुत कम है। फिर भी बीएसएफ के साथ ही सीमा पर दूसरी पंक्ति में बनाई गई बॉर्डर चौकियों पर तैनात पुलिस कर्मियों, एसपीओ की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी मुस्तैदी से निभा रहे हैं।

**हीरानगर सांबा सेक्टर काफी रहा है संवेदनशील:** घुसपैठ रोकने के लिए दिन-रात नाकेबंदी, पशु तस्करी, आपराधिक घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को कायम रखने, संदिग्ध ड्रोन आदि देखे जाने पर बॉर्डर पुलिस को तलाशी अभियान भी चलाना पड़ता हैं। भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा हीरानगर सांबा सेक्टर काफी संवेदनशील रहा है। पहाड़पुर का भाग नाला, छाप नाला, पानसर की चोरगली, मनियारी नर्सरी, करोल कृष्णा, बोबिया लोंडी के बीच तरनाह नाला, बोइनाला, राजपुरा का बबरनाला आदि आतंकी घुसपैठ के रूट रहे हैं और 2002 के पहले इस क्षेत्र से कई आतंकियों से असलाह व बारूद भी पकडा गया था।

रामोत्सव

## रामनगरी में टूटेगा सऊदी अरब का वर्ल्ड रिकॉर्ड

# सरकार बना रही सबसे बड़ी 'सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन'



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
सूर्यवंश की गौरवशाली राजधानी अब सूर्य की ही आभा से नव्य-भव्य स्वरूप को प्राप्त करने के साथ ही वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अयोध्या को सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार जिस सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है, उसका जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी उल्लेख होने वाला है। सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में बनी विशिष्ट कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) जल्द ही 'दुनिया की सबसे बड़ी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन' परियोजना को पूर्ण करके वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहा है। इस परियोजना के तहत 10.15 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाकर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही है। फिलहाल, करीब 70 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है और 22 जनवरी से पहले ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करके वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर लिया जाएगा।

**जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में फिर से अयोध्या का नाम होगा दर्ज:** अयोध्या का नाम यूं तो दीपोत्सव को लेकर पहले ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, मगर अब अयोध्या में सौर ऊर्जा के जरिए भी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी योगी सरकार द्वारा पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी (अयोध्या) प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि 22 जनवरी के पहले ही अयोध्या में लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक 10.2 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा।

